वर्ष 23, अंक 197, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 12 अगस्त 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

मुखिया की मिलीभगत से पड़ा डाका...

## हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत का बड़ा आरोप

**नई दिल्ली: अमेरिकी** शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा सेबी की अध्यक्ष माधबी बुच के खिलाफ लगाए गए आरोपों के मद्देनजर कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, अडाणी महाघोटाले की जांच स्टॉक मार्केट रेगुलेटर सेबी को दी गई।

लेकिन हिंडनबर्ग रिसर्च में हुए सनसनीखेज खुलासे के मुताबिक सेबी चीफ माधबी बुच और उनके पति धवल बुच का बरमूडा या मॉरीशस फंड में investment था, जिनके साथ गौतम अडानी के भाई विनोद अडानी का संबंध था।

श्रीनेत ने कहा, 'इस रिपोर्ट में लिखा है कि माधबी बुच का अडाणी ग्रुप से संबंधित फंड में इन्वेस्ट था और उसको छुपाने के लिए सेबी प्रमुख बनने से एक हफ़्ते पहले उन्होंने ये शेयर अपने पति के नाम किए कर दिये।



IPE प्लस फंड 1 की गुत्थी

उन्होंने आगे कहा, इस रिपोर्ट में लिखा है कि माधबी और धवल ने 5 जून 2015 को सिंगापुर में IPE प्लस फंड 1 के साथ खाता खोला था। IPE प्लस फंड अडाणी समूह के एक डायरेक्टर ने IIFL के माध्यम से बनाया था। यह रिपोर्ट आगे बताती है कि IIFL ने अपनी एक घोषणा में बुच दंपति के इन्वेस्ट सोर्स को सैलरी बताया और उनकी कुल संपत्ति 10 मिलियन डॉलर होने का अनुमान लगाया गया है।

### माधबी बुच के रोल पर उठाए सवाल

**उन्होंने** कहा कि हाइजेनबर्ग की रिपोर्ट में सेबी चेयरपर्सन माधबी बुच के अलावा Agora और ब्लैक स्टोन भी एक अहम किरदार है। रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल 2017 से मार्च 2022 तक, जब माधबी बुच सेबी में पूर्णकालिक मेम्बर थीं, तब उनके पास एक ऑफशोर सिंगापुरी कंसल्टिंग फर्म में 100% हिस्सेदारी थी, जिसका नाम अगोरा पार्टनर है। मार्च 2022 में सेबी चेयरपर्सन बनने पर उन्होंने शेयर अपने पति के नाम ट्रांसफर कर दिए। रिपोर्ट बताती है कि Agora पार्टनर को 27 मार्च 2013 को सिंगापुर में रजिस्टर्ड किया गया था। आज भी सेबी चेयरपर्सन माधबी बुच के पास वर्तमान में अगोरा अडवाइजरी नाम की कंपनी में 99% हिस्सेदारी है। माधबी के पति धवल इसके डायरेक्टर हैं। रिपोर्ट से यह पता चलता है कि 2022 में, इस संस्था ने 261,000 डॉलर का रेवन्यू था।

## सरकार देश के किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध : मोदी

**नई दिल्ली:**
**प्रधानमंत्री** श्री नरेन्द्र मोदी ने 109 नई फसल किस्मों को जारी करते हुए कहा कि सरकार देश के किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि जलवायु के अनुकूल और अधिक उपज देने वाली फसलों की किस्मों से किसानों की आय में वृद्धि होगी।

प्रधानमंत्री ने किसानों के प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने उनके अनुभव भी सुने और प्राकृतिक खेती के



लाभ पर विस्तार से चर्चा की।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया:

हम अपने किसान भाई-बहनों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में आज दिल्ली में फसलों की 109 नई किस्मों को जारी करने का सुअवसर मिला।

## दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश की संभावना

**नई दिल्ली:**
**कल** का मौसम 12 अगस्त 2024: दिल्ली-एनसीआर में तेज बारिश का सिलसिला जारी है। नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम में रविवार सुबह से ही बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज दिल्ली में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। देर रात तक दिल्ली में बारिश देखने को मिल सकती है।

कल यानी सोमवार को दिल्ली में हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा 13 अगस्त को बारिश हल्की रहेगी। इस दौरान बादल छाए रह सकते हैं।

अधिकतम तापमान 33 से 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रह सकता है।

इसके बाद 14 अगस्त से एक बार फिर बारिश बढ़ेगी।

## हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे प्रयासों का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंच



**नई दिल्ली:**
**केंद्रीय** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने 10 अगस्त 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यों में महिला एवं बाल विकास/सामाजिक कल्याण मंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रशासकों/उपराज्यपालों के साथ अपनी पहली राष्ट्रीय स्तर की बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में 28 में से 21 राज्य मंत्रियों ने भाग लिया, जिसमें महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तहत जारी कार्यक्रमों की प्रगति और विभिन्न प्रमुख पहलों के लिए भविष्य की कार्यनीतियों की समीक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया।

बैठक के दौरान, श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने यह सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया कि इन पहलों का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचे। उन्होंने मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0, मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति के तहत मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रमों को विशेष रूप से रेखांकित किया।

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने कहा, हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे प्रयासों का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचे, जिसके लिए राज्यों के साथ मिलकर काम करना जरूरी है। इससे न केवल राज्यों का विकास होगा बल्कि हमारे देश की समग्र प्रगति में भी योगदान मिलेगा, जो प्रधानमंत्री के ह्यविकसित भारत के विजन के अनुरूप है।

## कोलकाता ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर, मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट हटाए



**कोलकाता**
**कोलकाता** पुलिस ने आरोपी संजय को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 14 दिन न्यायिक हिरासत में भेजा।

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर का आरोपी संजय रॉय 14 दिन की पुलिस कस्टडी में है। उसे 9 अगस्त को ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

संजय हॉस्पिटल में पुलिस की मदद के लिए सिविक वॉलंटियर के तौर पर काम करता था। उसका हॉस्पिटल के ज्यादातर डिपार्टमेंट में आना-जाना था। उसके फोन की जांच की तो उसमें पोर्न वीडियो भी मिले।

पुलिस ने बताया कि ट्रेनी डॉक्टर की बॉडी 9 अगस्त को सुबह हॉस्पिटल के सेमिनार हॉल में मिली थी। क्राइम सीन पर एक ब्लूटूथ ईयरफोन भी मिला था। उउळश फुटेज में आरोपी संजय सुबह 4 बजे सेमिनार हॉल में अंदर जाते दिखाई दिया।

इस दौरान उसने कानों में ईयरफोन लगाया हुआ था। कुछ देर बाद जब वह हॉल से बाहर आया तो उसके पास ईयरफोन नहीं था। इसके बाद संजय समेत कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिए बुलाया गया।

पुलिस ने क्राइम सीन पर मिले ईयरफोन को सभी संदिग्धों के फोन से कनेक्ट करने की कोशिश की।

## अखिलेश और मुलायम ने हमेशा दिया मेरा साथ, किसी भी हाल में नहीं छोड़ूंगा सपा : एसटी हसन

**मुरादाबाद। समाजवादी** पार्टी के पूर्व सांसद और नेता एसटी हसन ने बड़ा बयान दिया है। एसटी हसन ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान उनसे कई दलों ने संपर्क किया था।

सपा नेता ने कहा, ह्लोकसभा का चुनाव संपन्न हो गया। हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो बातें कही थी, वो सही है। और वह जो बोलते हैं, उसे पूरा करते भी हैं।

उन्होंने दावा किया, ह्लोकसभा चुनाव के समय कई दलों ने मुझसे संपर्क कर दबाव बनाया था।, ।लेकिन मेरा सपा से पुराना रिश्ता है। सपा मेरी मातृ पार्टी है और मैं पहले भी इसका हिस्सा था और आगे भी इसका हिस्सा ही रहूंगा। मुझे भले ही पार्टी से कुछ मिले या नहीं मिले।

पूर्व सांसद ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव की तारीफ की। उन्होंने कहा, ह्मैं जानता हूं कि मेरे नेता अखिलेश यादव और दिवंगत मुलायम सिंह यादव से हमेशा प्यार मिला है। उन्होंने मेरा साथ दिया और नेताजी के कारण ही मैं राजनीति में आया।

## पूजा खेडकर के बाद कुछ और IAS की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**पुणे: महाराष्ट्र** की बर्खास्त ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के मामले में बड़ा फजीवाड़ा उजागर होने के बाद दर्जनभर से अधिकारी दूसरे अधिकारियों की विकलांगता और सर्टिफिकेट पर सवाल खड़े हुए थे। पूजा खेडकर के मामले को सोशल मीडिया पर सबसे पहले बीड के रहने वाले वैभव कोकट ने पोस्ट किया था। तो वहीं दूसरी तरफ इस मामले में पुणे के



आरटीआई एक्टीविस्ट विजय कुंभार ने काफी बड़े-बड़े खुलासे किए थे। इसके बाद पूजा खेडकर के खिलाफ एक्शन हुआ था। यूपीएससी ने उनकी उम्मीदवारी को रद्द किया था। अब सामने आया है कि कुछ और सिविल सेवा में चयनित अधिकारी जांच के दायरे में आ सकती है।

राष्ट्रपति भवन से आया जवाब

विजय कुंभार ने पूजा खेडकर के मामले का हवाला देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में फर्जी प्रमाणपत्रों के उपयोग में वृद्धि का मुद्दा उठाया था। कुंभार ने राष्ट्रपति को लिखे पत्र में कहा था कि ट्रेनी आईएएस डॉ. पूजा खेडकर के मामले ने भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था और सरकार को हिलाकर रख दिया है।

## जिनका एक भी मुस्लिम सांसद नहीं है, वो वक्फ बोर्ड का नियम बना रहे हैं

**नई दिल्ली: केंद्र** सरकार वक्फ संशोधन बिल संसद में पेश कर चुकी है। इसे लेकर सियासत भी जमकर हो रही है। सत्ता पक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर जुबानी हमला बोल रहे हैं। अब कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा है कि जिनका एक भी मुस्लिम सांसद नहीं है वो लोग वक्फ बोर्ड के नियम बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले आप इस मामले पर चर्चा तो कीजिए। सत्ता पक्ष का न ही लोकसभा में कोई मुस्लिम सांसद है और न ही राज्यसभा में कोई सांसद है। वो बिना किसी से चर्चा किए वक्फ बोर्ड पर नियम बना रहे हैं। ये कैसे संभव हो सकता है ?



'बिल को लेकर नकवी से ही पूछ लीजिए'

पवन खेड़ा ने कहा कि एनडीए के उनके सहयोगी चंद्र बाबू नायडू और चिराग पासवान ने इसका विरोध किया है। फिर उनसे जाकर पूछिए कि वो क्यों विरोध कर रहे हैं ? मैं तो भाजपा को यह सलाह दूंगा कि वो मुख्तार अब्बास नकवी से पूछ लें कि क्या वो इस बिल के पक्ष में हैं या फिर विरोध में हैं। उनको इसका जवाब मिल जाएगा।

## अडानी-हिंडनबर्ग कब क्या हुआ, कैसे पहुंची सेबी चीफ तक आंच


**नई दिल्ली: अमेरिकी** शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी की अगुवाई वाले अडानी समूह पर एक बार फिर से गंभीर आरोप लगाए हैं। हिंडनबर्ग ने अपनी ताजा रिपोर्ट में दावा किया है कि मार्केट रेगुलेटर सेबी चीफ माधबी पुरी बुच की उन विदेशी फंडों में हिस्सेदारी है जिनका अडानी समूह इस्तेमाल करता है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने के बाद अडानी समूह ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। इन्हें दुर्भावनापूर्ण, भ्रामक और जानबूझकर तोड़ा-मरोड़ा गया बताया है। अडानी समूह ने कहा है कि सेबी प्रमुख या उनके पति धवल बुच के साथ उनका कोई व्यावसायिक रिश?ता नहीं है। सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने भी संयुक्त बयान जारी कर हिंडनबर्ग के आरोपों को बेबुनियाद और सच से परे बताया है।

पछिले साल जनवरी से शुरू हुआ टकराव

अडानी समूह और हिंडनबर्ग रिसर्च के बीच यह टकराव जनवरी 2023 में शुरू हुआ था। तब हिंडनबर्ग ने अपनी पहली रिपोर्ट में अडानी समूह पर स्टॉक हेरफेर और धोखाधड़ी के आरोप लगाए थे। इस रिपोर्ट के बाद अडानी समूह के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली थी। कंपनी को अरबों डॉलर का नुकसान हुआ था। आइए, यहां अडानी-हिंडनबर्ग मामले से जुड़ी कुछ अहम तारीखों पर नजर डालते हैं:

फरवरी 2023: सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई। इसमें अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच एक सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की निगरानी में समिति गठित करके कराने की मांग की गई।

मार्च 2023: सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को दो महीने के भीतर अडानी समूह की ओर से स्टॉक मूल्य हेरफेर के आरोपों और नियामक खुलासों में किसी भी चूक की जांच करने का



निर्देश दिया।

मई 2023: कोर्ट की ओर से नियुक्त विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंपी।

मई 2023: सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को अडानी समूह की ओर से स्टॉक मूल्य हेरफेर के आरोपों की अपनी जांच के संबंध में रिपोर्ट सौंपने के लिए 14 अगस्त, 2023 तक का समय दिया।

नवंबर 2023: सुप्रीम कोर्ट ने स्टॉक मूल्य हेरफेर के आरोपों पर अडानी-हिंडनबर्ग मामले से संबंधित याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

जनवरी 2024: सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय कॉर्पोरेट दिग्गज की ओर से स्टॉक मूल्य हेरफेर के आरोपों की जांच एक विशेष जांच दल को ट्रांसफर करने से इनकार कर दिया। बाजार नियामक सेबी को दो लंबित मामलों की जांच तीन महीने के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया।

10 अगस्त, 2024: हिंडनबर्ग रिसर्च की ताजा रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच के पास अडानी की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले ऑफशोर फंडों में हिस्सेदारी है।

11 अगस्त, 2024: सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच ने अमेरिका स्थित शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से उन पर लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया। माधबी पुरी और उनके पति धवल बुच ने एक संयुक्त बयान में कहा कि दावे किसी भी सच्चाई से परे हैं।

यह लोकतंत्र नहीं, भीड़तंत्र... मोहम्मद यूनुस पर भड़के हसीना के बेटे

## चीफ जस्टिस को कैसे बदला - साजिब वाजेद जॉय

**ढाका: अवामी** लीग की अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे साजिब वाजेद जॉय ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को जमकर खरीखोटी सुनाई है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में यह सुधार नहीं, बल्कि भीड़तंत्र का मामला है। उन्होंने रविवार को फेसबुक पर एक पोस्ट लिखकर अंतरिम सरकार से कई गंभीर सवाल पूछे। साजिब ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में भीड़ का बोलबाला है। प्रदर्शनकारियों को खुली छूट है। उन्होंने यह भी कहा कि



प्रदर्शनकारियों ने नए चीफ जस्टिस को नियुक्त करने की मांग की और इसके लिए एक नाम भी सौंपा, जिसे मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने मान लिया।

प्रदर्शनकारियों ने नए चीफ जस्टिस को चुना?

साजिब वाजेद जॉय ने लिखा: ह्लआज प्रदर्शनकारियों ने सुप्रीम कोर्ट पर हमला करने और बांग्लादेश के मुख्य न्यायाधीश के घर को जलाने की धमकी दी। उन्होंने कोर्ट से इस्तीफा देने की मांग की और नियुक्त किए जाने वाले लोगों के नामों की सूची भी दी।

अंतरिम सरकार ने उनकी मांग मान ली और प्रदर्शनकारियों द्वारा नामित न्यायाधीशों को नियुक्त कर दिया। किसी देश के सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को बिना किसी उचित प्रक्रिया के, बिना निर्वाचित संसद के कैसे बदला जा सकता है? यह सुधार नहीं, यह भीड़तंत्र है।

प्रदर्शनकारियों ने 41 पत्रकारों की लिस्ट सौंपी?

उन्होंने आगे लिखा, ह्लबांग्लादेश में कानून का कोई राज नहीं है, अब सुप्रीम कोर्ट भी सुरक्षित नहीं है। प्रदर्शनकारियों ने प्रेस क्लब को 41 पत्रकारों के नामों की सूची भी दी और उन्हें निष्कासित करने की मांग की।

## प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से सम्मानित किए जाने पर गर्व व्यक्त किया

**नई दिल्ली:**
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज एक ट्वीट में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से सम्मानित किए जाने पर असीम गर्व व्यक्त किया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान भारत और तिमोर-लेस्ते के बीच गहराई से निहित संबंधों और आपसी सम्मान को दशार्ता है।

अपने ट्वीट में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा, ह्लराष्ट्रपति जी को ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से सम्मानित होते देखना हमारे लिए गर्व का पल है।



यह हमारे देशों के बीच सुदृढ़ संबंधों और आपसी सम्मान को दशार्ता है। यह सार्वजनिक जीवन में उनके कई वर्षों के महत्वपूर्ण योगदान की पहचान भी है।

# हर घर पर शान के साथ फहरेगा तिरंगा झंडा : भाजपा

## 2 लाख तिरंगा झंडा लगवाने का रखा गया है लक्ष्य

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर के पार्षद गणों की बैठक आयोजित की गई इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी एवं महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने उपस्थित पार्षदों को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वतंत्रता के अमृत काल महोत्सव से शुभारंभ किया गया हर घर तिरंगा अभियान सिर्फ अभियान नहीं बल्कि अब राष्ट्रीय महोत्सव का पर्व बन चुका है जो इस वर्ष भी 13 अगस्त से 15 अगस्त तक भारतीय जनता पार्टी मनाने जा रही है और आगे कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सभी पार्षद गण अपने वार्डों



में पार्टी के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंडल एवं वार्ड स्तर के कार्यकताओं के साथ समन्वय बनाकर अपने वार्डों के प्रत्येक घरों में संपर्क करते हुए तिरंगा लगवाएं और वार्ड में स्थित सभी क्रांतिकारियों एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान चलाकर उन्हें माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करें और 14 अगस्त को पार्टी के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम भारत विभाजन विभीषिका स्मृति व्याख्यान माला एवं पदयात्रा में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और 15 अगस्त के दिन अपने प्रत्येक वार्डों में ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित करना है और हर घर शान के साथ फहरेगा तिरंगा झंडा इस लक्ष्य को हमें सफल बनाना है। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रयागराज महानगर में 2 लाख झंडा लगवाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में प्रमुख रूप क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता , भाजपा पार्षद दल की मुख्य सचेतक किरन जायसवाल वरुण केसरवानी, रमेश पासी, राजेश केसरवानी , विवेक मिश्रा,गिरिजेश मिश्रा , राजन शुक्ला मंडल अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव एवं भाजपा के सभी पार्षद गण उपस्थित रहे।

## पंखे से लटक कर युवक ने दी जान

**प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र के करमा पुलिस चौकी अंतर्गत करमा बाजार निवासी एक युवक ने रविवार को गले में फंदा लगाकर पंखे से लटक कर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा।

मिली जानकारी के अनुसार करमा बाजार का रहने वाला युवक उमाशंकर पांडे उर्फ अंकुश (३२) पुत्र राजेश कुमार पांडे जिसका विवाह लगभग 2 वर्ष पूर्व ही हुआ था, रोज की तरह आज रविवार को भी बाजार में स्थित अपने घर से गौहनिया करछना राजमार्ग छीतूपुर कालेज के नजदीक स्थित अपने ही परिवार के गोशाला में सुबह लगभग नौ बजे गया था। गौशाला में बने कमरे को अंदर से बंद करके गले में फंदा डालकर पंखे से लटक कर अपनी जान दे दी। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो उसकी सांसे थम चुकी थी। हादसे की खबर फैलते ही सैकड़ो लोगों की भीड़ जमा हो गई। पत्नी और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जय भैया की मां ने बूढ़े नाथ मंदिर में किया रूद्राभिषेक, हुई काशी की विश्व प्रसिद्ध आरती



अखंड भारत संदेश

**मेजा।** शनिवार को प्रयागराज और मिजार्पुर सीमा से जुड़े, विंध्य पहाड़ी की गोद में मछहा गांव स्थित, अत्यंत प्राचीन शिव मंदिर में विराजमान, बाबा बूढ़ेनाथ का रूद्राभिषेक, रामचंद्र शुक्ल सेवा संकल्प ट्रस्ट, के, अध्यक्ष व अवादा एनर्जी ग्रुप के निदेशक, जयशंकर शुक्ला,ऊर्फ जय भैया की मां अन्नपूर्णा देवी द्वारा रुद्राभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक के बाद काशी से पधारे पुरोहितों द्वारा वाराणसी गंगा घाट पर की जाने वाली विश्व प्रसिद्ध आरती की गई। दिव्य और अलौकिक आरती देख मौजूद लोग मंत्रमुग्ध हो गए। बता दें कि जय शंकर शुक्ला ऊर्फ जय भैया जनपद प्रयागराज के विकास खंड मांडा के दिघिया गांव निवासी हैं। जो बिजनेस मैन के साथ ही वरिष्ठ समाजसेवी हैं। जिनकी मां अन्नपूर्णा देवी ने बाबा बूढ़ेनाथ मंदिर में रूद्राभिषेक किया।

### बांस की टटिया तोड़कर सब्जी की दुकान में हजारों की चोरी

**सहसों।** सराय इनायत थाना के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत गोल चौराहा सहसों के फाफामऊ रोड पर बसमहुआ गांव निवासी रमेश चंद्र मौर्य ने बांस की टटिया बनाकर सब्जी की दुकान खोल रखी है। शनिवार की रात ग्यारह बजे दुकानदार रमेश चंद्र मौर्य ने सब्जी की दुकान में टटिया लगाकर घर चले गए। रात में मौका देखकर अज्ञात चोरों ने बांस की टटिया को काटकर दुकान में घुस गए तथा उसमें रखा हजारों रुपए की सब्जी चुरा ले गए। रविवार को सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि टटिया टूटी हुई है। और उसमें से काफी सब्जियां गायब रही। भुक्त भोगी ने बताया कि जांच पड़ताल करने पर पता चला कि दुकान से तीन बोरी आलू , दो बोरी प्याज, एक बोरी लहसुन, एक कैरट अदरक तथा कुछ फुटकर सब्जी गायब मिली। जिसकी कीमत लगभग साठ हजार रुपए की थी। भुक्त भोगी दुकानदार ने चोरी की सूचना संबंधित पुलिस को दे दी है।

### खडी ट्रक से बैट्रा डीजल चोर चोरी कर ले गये थाने में दी गई तहरीर

**मऊआइमा।** घर के समीप ट्रक खडी करके मालिक सो गया जब सुबह उठा तो देखा कि ट्रक से बैट्रा डीजल चोरी हो गया है। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम हरिसेनगंज निवासी अरविन्द कुमार पुत्र सालिक राम का कहना है कि वह अपने ट्रक घर से तीन सौ मीटर दूरी पर खडी करके सो गया ।जब सुबह उठा तो देखा कि ट्रक का दो बैट्रा ,एक जैक,एक राड,दो सौ लीटर डीजल आदि अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। अरविन्द कुमार ने मऊआइमा थाने में रविवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

### बकरी चोरो को ग्रामीणों ने पकड़ कर की धुनाई, पुलिस को सौंपा

**मऊआइमा।** आए दिन ग्रामीणों की टुल्लू मोटर, बकरी आदि चोरी की घटनाएं होने से परेशान ग्रामीणों ने चोरो को पकड कर धुनाई की उस के पुलिस को सौप दिए। रविवार को चर रही बकरी को चोरी करके दिनदहाड़े बाइक से भाग रहे दो चोरों को ग्रामीणों ने दौड़ा कर पकड़ लिए और धुन कर पुलिस के हवाले कर दिए। बताया गया है कि ग्राम घूरघाट निवासी मोहम्मद इसरार की बकरी घास चर रही थी। बताया गया है तभी एक पल्सर बाइक से दो युवक आए और बकरी पकड़ कर बाइक पर बीच में बैठाने लगे बकरी के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने दौड कर दोनों चोरों को पकड लिया।और धुन कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस पकडे गए चोरों से पूछ ताछ कर रही है। बताया गया है कि इसके पूर्व गांव में टुल्लू मोटर, इंजन आदि की चोरी से ग्रामीण तंग आ चुके हैं।

# सिंगोल राजतन्त्र का प्रतीक जबकि संविधान लोकतंत्र की आत्मा है : श्यामलाल पाल

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने आज प्रयागराज में संविधान मान स्तम्भ स्थापना के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि सिंगोल राजतन्त्र का प्रतीक है जबकि संविधान लोकतंत्र की आत्मा है।महानगर इकाई द्वारा शहर पश्चिमी के मुंडेरा में स्थित एक गेस्ट हॉउस में कार्यक्रम कर ह्लसंविधान मान स्तम्भ ह्लका अनावरण सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल के कर कमलों द्वारा किया गया। उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुए सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल ने कहा कि देश की केंद्र एवं प्रदेश में जबसे भाजपा सत्ता में आई है लगातार संविधान एवं लोकतंत्र को खत्म कर तानाशाही शासन करने पर उतारू है। संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाकर आम आदमी के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है।सपा संस्थापक मा मुलायम सिंह यादव ने अपने मुख्य मंत्रित्व काल में पंचायत में आरक्षण देकर




सामाजिक न्याय को साकार किया था। एमएलसी डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहब अम्बेडकर ने अपने जीवन काल में जो उपेक्षा, बदहाली एवं सामाजिक आर्थिक पीड़ा का अहसास किया था उनकी मंशा थी कि आजादी के बाद पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यक समाज सहित वंचितों को उस पीड़ा से नहीं गुजरना पड़े इसकी व्यवस्था उन्होंने संविधान में अधिकार देकर की थी। संविधान मान स्तम्भ के अनावरण के पश्चात राष्ट्र गान गाया गया। समाजवादी गीत का प्रसारण भी किया गया।इसके बाद संविधान की प्रस्तावना का पाठ भी किया गया।सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव शौर्य दीप श्रीवास्तव सचिन ने प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल को चांदी का मुकुट पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन एवं संचालन महासचिव रविन्द्र यादव एडवोकेट ने किया। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने फूलपुर में अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन द्वारा आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में जन प्रतिनिधियों के अधिकार सीमित किये जा रहे हैं। भाजपा विधायकों की शिकायत सुनने में आती है कि प्रशासन उनकी नहीं सुनता है। विधायक आशु मालिक ने कहा कि पंचायतों को और अधिकार दिया जाय। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, यमुनापार पप्पूलाल निषाद, इसरार अंजुम, अमरनाथ सिंह मौर्य, पंधारी यादव, मयंक यादव जोंटी, दान बहादुर मधुर,आर एन यादव, सचिन श्रीवास्तव, मंजू यादव, ओ पी पाल,मो दानिश, सत्येंद्र त्रिपाठी, तारिक सईद अज्जू, संदीप यादव, ओ पी यादव, अभिमन्यु पटेल, मो अजहर, महबूब उस्मानी, वजीर खान,कुलदीप यादव,सुग्गान पाल, आदि रहे।

## एनडीआरफ टीम के साथ ADM (FR) गंगा और यमुना नदी के जल सत्र का लिया जायजा



**प्रयागराज।** मनोज कुमार शर्मा डीआईजी के दिशा निर्देश में 11 एनडीआरफ की एक टीम बाढ़ राहत के लिए प्रयागराज में तैनात किया गया है 11 अगस्त 2024 , एनडीआरफ निरीक्षक अनिल कुमार के संचालन में एनडीआरफ टीम व जिला प्रशासन की तरफ से एडीएम(वित्तीय व राजस्व),एसडीएम (सदर) ,आपदा प्रभारी के साथ मीडिया कर्मियों ने गंगा और यमुना नदी का एनडीआरएफ के बोट से सयुक्त निरीक्षण किया । इस दौरान बोट नागवासुकी से आरंभ हुई और सलोरी,बघाड़ा के तटीय क्षेत्रों में जल भराव के स्तर का निरीक्षण करते हुए संगम और उसके तटीय क्षेत्र में जल स्तर का मुआयना करते हुए वापस नागवासुकी आए और प्रशासन को निर्देशित किया की संगम इलाके में जो श्रद्धालु बोड से संगम में जाते हैं उसे बिना लाइफ जैकेट के संचालित न करे जिन रोड पे जल जमाव अभी भी है वाहा वाहनों के आवा गमन को रोका जाए जब तक जल जमाव समाप्त नहीं होता है।एडीएम(वित्तीय व राजस्व) ने बताया कि जलस्तर दिन प्रतिदिन कम हो रहा है।

# शिवपुराण कथा सुनने से नष्ट हो जाते हैं सभी प्रकार के पाप- देवी सुश्री प्रज्ञा

अखंड भारत संदेश

**धनूपुर।** कुंदौरा महादेव मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित शिव महापुराण के छठवें दिन रविवार को कथा वाचिका देवी सुश्री प्रज्ञा श्रीधाम वृंदावन ने कहा कि शिव महापुराण की कथा श्रवण से भगवान शिव के कल्याणकारी स्वरूप का तात्विक ज्ञान प्राप्त होता है। भगवान शिव आदि देव हैं कथा सुनने से हमें उनकी कृपा प्राप्त होती है भगवान शिव का जो तात्विक स्वरूप है वह निराकार सत्ता का प्रतीक है। शिव पुराण की कथा सुनने से मानव जीवन से पाप नष्ट होते हैं और संस्कारों की प्राप्ति हो जाती है। उन्होंने कहा कि शिव पुराण की कथा श्रवण से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से किए गए सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और व्यक्ति निर्विकार रूप से सत मार्ग की ओर उन्मुख हो जाता है भगवान शिव के भक्त उनके प्रतीक चिन्ह शिवलिंग का पूर्ण श्रद्धा भाव से



करें तो उसे शिव कृपा प्राप्त होती है।कथा वाचिका ने कहा कि माता-पिता की सेवा करने से ही ईश्वर की सच्ची भक्ति होती है, घर में ही ईश्वर है फिर भी लोग ईश्वर की भक्ति के लिए दर-दर भटकते रहते हैं, अगर मानव को ईश्वर की सच्ची भक्ति करनी है तो अपने वृद्ध माता-पिता की सेवा करते हुए उन्हेंने खुश रखे। इस संसार में सभी बुद्धिमान है, लेकिन बुद्धि की शुद्धि करने की जरूरत है, बुद्ध बनने के पहले हमें शुद्ध होना पड़ेगा। यहां निर्मल चित्त, निस्वार्थ भाव से कि गई हर कामना पूरी होती है। ईश्वर को पाने, मोक्ष पाने की लालसा सभी में रहती है।

परमात्मा को पाना है तो जप, तप, भजन, कीर्तन, सत्संग बिना मोह, लालच के करेंगे तो परमात्मा जरूर मिलेंगे कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रशांत सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश तिवारी, यज्ञाचार्य पंडित सुरेश कुमार द्विवेदी, आचार्य पंडित विनय कुमार मिश्र, भजन गायिका देवी प्रियंका, ट्रस्टी एवं यजमान हरिप्रसाद मिश्रा एवं राधिका देवी प्रधान, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, अशोक तिवारी, बालकृष्ण तिवारी, काशीनाथ शुक्ला, बालकृष्ण शुक्ला, लल्लन तिवारी, सुरेश पांडेय, कपिल देव तिवारी, संजय दुबे, चीनी पांडेय, सुरेंद्र तिवारी, पिंटू पांडेय प्रधान, सौरभ तिवारी प्रधान, नन्हे यादव प्रधान, पिंटू मिश्रा, अनिल पांडेय, अवधेश शुक्ला शेरा, रोहित तिवारी, शुभम तिवारी, सुमित तिवारी, शिवकुमार तिवारी तेजस्वी, दुर्गेश शुक्ला, शुभम तिवारी, सत्यम तिवारी, कलेक्टर तिवारी, आदर्श, जिगर, संगम पांडेय, हरिशंकर पांडेय एवं संगीताचार्य पवन प्रीत, तबला वादक पार्थ मिश्र, पैड वादक मोहित तिवारी एवं अजय यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## शहीद स्मारक की हुई सफाई

**प्रयागराज।** रविवार को दोपहर जिला भाजपा के कार्यकताओं ने जमुनापार के सपूत अमर शहीद लल ऊ मिश्र के स्मारक स्थल पर आकर सफाई करने के पश्चात माल्यार्पण किया। ज्ञातव्य है कि 14 अगस्त 1942 को अंग्रेजों की गोली से अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद लल ऊ मिश्र के बलिदान स्थल पर उनकी स्मृति में एक स्मारक बनाया गया है,। प्रति वर्ष उक्त तिथि को क्षेत्र वासियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। प्रधान प्रतिनिधि अमरेश जायसवाल के द्वारा रंग रोगन और सफाई का कार्य चल रहा है।आज रविवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं महापुरुषों/शहीदों के स्मारक स्थल के सफाई अभियान के संयोजक जय सिंह पटेल जिला मंत्री प्रकाश चंद्र शुक्ला प्रचंड जिला कार्यालय मंत्री मनोज गुप्ता आदि ने आकर स्मारक स्थल की सफाई करने के पश्चात स्मारक पर माल्यार्पण किया और उनके व्यक्तित्व को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि अमरीश जायसवाल, अमर शहीद के प्रपौत्र भानू मिश्र, राहुल पुषपाकर आदि मौजूद रहे।

# दादूपुर गांव में 72 शहीदों का निकला गया ताबूत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हर साल की तरह इस साल भी प्रयागराज के दादूपुर गांव में इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों का ताबूत निकल गया मोहम्मद सल्लल्लाहो वाले वसल्लम के नवासे हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने जो कर्बला में अपने 72 शहीदों के साथ कुबार्नी दी ऐसी कुबार्नी दुनिया में आज तक किसी ने ना दी जो हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम दी आपको बताते चले की हक और बातिल की लड़ाई में यजीद नामक राजा यह चाहता था कि इमाम हुसैन हमारे हाथों पर बैयत कर ले और सारे हराम काम को अंजाम दिया जाए जुआ खेलने शराब पीना दुनिया में सारी बुराई आम होनी चाहिए इसी का विरोध करते हुए इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने अपने 72 साथियों के साथ कुबार्नी दी हक




जीत गया और बातिल हार गया इमाम हुसैन और उनके परिवार वालों को तीन दिन तक पानी नहीं दिया गया और छोटे-छोटे बच्चे है प्यास है प्यास की सदा देते रहे मगर जालिमो कोई तरस ना खाया इस प्रकार 10 मोहरम को इमाम हुसैन के एक-एक साथियों ने कुबार्नी देनी शुरू की और शाम को 4:00 बजे तक इमाम हुसैन के 71 साथी शहीद हो गए और आखिर में हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम भी शहीद हो गए आज पूरी दुनिया में इमाम हुसैन को जानने वाले लोग हैं मगर यजीद के कब्र का निशान तक नहीं रह गया कमेटी के सारे लोगों ने सभी का शुक्रिया किया और खास तौर से पुलिस प्रशासन का भी शुक्रिया अदा किया।

## एक पेड़ मां के नाम के तहत रेल अधिकारियों ने किया सूबेदारगंज परिसर में बृहद वृक्षारोपण

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ की गयी एक पेड़ माँ के नाम को आगे बढ़ाते हुए दिनांक 11.08.24 को उत्तर मध्य रेलवे में श्री अनिमेष कुमार सिन्हा, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, श्री हिमांशु बदोनी मण्डल रेल



प्रबन्धक प्रयागराज एवं श्री अशोक सचदेव, प्रमुख संत निरंकारी मिशन के नेतृत्व में टैक मशीन ट्रेनिंग सेंटर, सूबेदारगंज प्रयागराज में परिसर की साफ सफाई एवं वृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया गया । रेल्वे में क्लस्टर वृक्षारोपण का यह पहला प्रयोग था जिसके तहत जामुन, आम, आवला , कटहल, नीम, शहतूत, इत्यादि के 125 से ज्यादा पौधे लगाए गए । कार्यक्रम का आयोजन श्री शिवाजी कदम, मुख्य पर्यावरण प्रबंधक की तरफ से किया गया एवं कार्यक्रम में रेलवे के विभिन्न अधिकारीयों एवं कर्मचारियों ने हिस्साक लिया जिसमें प्रमुख रूप से श्री अतुल सिंह, रोलिंग स्टॉक इंजीनियर, श्री संजय अस्थाना प्रधानाचार्य IRTMTC शामिल हुए । संत निरंकारी मिशन की तरफ से 100 से ज्यादा लोगो ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के उपरांत मण्डल रेल प्रबन्धक नें पर्यावरण से संबन्धित कई महत्वपूर्ण बाते भी बताई।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली : उचित दर विक्रेताओं को आखिर मनमानी की छूट क्यूं!

## तहसील कोरांव में आपूर्ति विभाग शिकायतों को कर रहा अनदेखा, भ्रष्ट्राचार बढ़ा

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** सरकार भले ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुचारू से संचालित करने उपभोक्ताओं के साथ घाटतौली, अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण किए रखने का फरमान जारी किया है किंतु तहसील कोरांव में कई ऐसे भ्रष्ट उचित दर की दुकानें हैं जहां चांदी की जूतों से नियम कानून को ताक पर रख कर कार्ड धारकों का शोषण बदस्तूर जारी है। उल्लेखनीय है कि उचित दर विक्रेता अल्हवा अनियमितता के बारे में महारत हांशील की है। 2011 में वाहन से खाद्यान्न तेल चीनी आधी रात्रि में व्यापारी के हाथ बेचते समय ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ा गया था,और तत्कालीन एसडीएम कोरांव ने थाना कोरांव में कोटेदार आदि के विरुद्ध मुकद्दमा अपराध संख्या 76/2011 धारा 3/7 आवश्यक खाद्य वस्तु अधिनियम के तहत मुकद्दमा दर्ज कराया था और जेल भिजवाया था। आज भी जमानत पर छूटने के पश्चात न्यायालय में मुकद्दमा चल रहा है। इसी तरह कई बार निलंबित हुआ,रिश्वत के बल पर कई बार पकड़ा गया और बचाया जाता रहा है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष ग्राम सभा के कई कार्ड धारक जब फिंगर लगवा कर भी खाद्यान्न नहीं पाए घटतोली से अजीज हुए तो तत्कालीन एसडीएम के समक्ष सारे कार्ड धारक डेरा डाल दिए। एसडीएम ने तत्काल एक जांच कमेटी का गठन तत्कालीन खंड विकास अधिकारी कोरांव मुकेश कुमार सिंह और खाद्य अधिकारी के साथ किया। और ग्राम सभा अल्हवा में खुली जांच ग्राम सचिवालय भवन पर किया शिकायत कताओं के बयान गांव और तहसील में दोनो जगह दर्ज किए। जांच कमेटी ने कोटेदार अल्हवा लाल बहादुर पाल के विरुद्ध घटतोली अनियमितता एडवांस में फिंगर लगवा कर खाद्यान्न तत्काल न देना आदि आरोपों की पुष्टि की। जिस पर एसडीएम ने डीएम प्रयागराज को रिपोर्ट भेजी थी,तदनुसार दुकान को निलंबित कर दिया गया था। किंतु आठ माह बाद बिना किसी शिकायत कताओं को सुने बिना साक्ष्य के मात्र दस हजार प्रतिभूति राशि शासन के पक्ष में जब्त कर और भविष्य में अनियमितता की पुनरावृत्ति न हो चेतावनी दे कर मनमाने ढंग से बिना आपूर्ति अधिकारियों के संस्तुति सहमति के दुकान बहाल कर दी गई। आरोप है कि जब से दुकान बहांल हुई उसी दिन से फिर अनियमितता चालू हो गई। ग्राम की एक कार्ड धारक आदिवासी महिला श्रीमती सूर्यकली कोल ने शिकायत किया कि उचित दर विक्रेता अल्हवा ने फिंगर लगवा लिया गल्ला नहीं दिया। और घटतोली की भी शिकायत किया। किंतु आपूर्ति निरीक्षक कोरांव संजय कुमार विश्वकर्मा ने उक्त शिकायत को मनमाने ढंग से अपने चहेते कोटेदार को बचाने के लिए शिकायत कर्ता से बिना संपर्क किए और बयान साक्ष्य गवाही के ही शिकायत असत्य और निराधार करार दे दिया। और फर्जी शाइन शिकायत कर्ता का बनवा कर आईजीआरएस निस्तारण में अपलोड भी कर दिया। फिलहाल जब शिकायत कर्ता ने रिपोर्ट की नकल निकलवाई तो आपूर्ति निरीक्षक और कोटेदार का कारनामा सामने आया। जिसकी शिकायत हलफनामे के साथ सूर्यक्ली कोल ने एसडीएम कोरांव,एडीएम नागरिक आपूर्ति तथा जिलाधिकारी प्रयागराज को कार्यवाही हेतु दिया। जांच के आदेश होते ही आपूर्ति निरीक्षक के कान खड़े हुए,तब उन्होंने अपने कोटेदार को सहेजा कि शिकायत कर्ता को बुला कर सादे और स्टांप पेपर्स पर खाद्यान्न देने के बहाने बुला कर अपने पक्ष में शाइन करा लो। फिर क्या था कोटेदार ने बाकायदा बाइक से दुकान पर बुला कर कमरे के अंदर स्टांप पेपर पर दस्तखत करा लिया और धमकाया कि अब शिकायत किया तो तुम्हारी खैर नहीं, कार्ड भी निरस्त कर देंगें। उक्त घटना की शिकायत हलफ नामां के साथ डीएम एडीएम आपूर्ति,पुलिस आयुक्त से किया किंतु एफआईआर नहीं हुई। आपूर्ति अधिकारी गण द्वारा कोटेदार के खातिर आपूर्ति निरीक्षक न फंसे उसे बचाने के लिए घूमा फिरा कर टाल मटोल वाली कार्यवाही की जा रही है। जिससे कोटेदार का हौसला बुलंद दिख रहा है और भी मनमानी कर रहा। फिलहाल मिसकीन सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा सारी कृत कार्यवाहियों की जन सूचनाधिकार अधिनियम 2005 के तहत नकल मांगी है जिससे हाईकोर्ट में कोटेदार की मनमानी बहाली को चैलेंज किया जा सके और आपूर्ति निरीक्षक कोरांव संजय कुमार विश्व कर्मा कोटेदार के विरुद्ध पुलिस थाना कोरांव में सुर्यक्ली कोल तथा राम रसीले कोल अल्हवा की तरफ से मुकद्दमा दर्ज न होने पर सीजेएम न्यायालय प्रयागराज में धारा 156/3 के तहत कार्ड धारक के साथ धोखाधड़ी, धमकी,जातिसूचक शब्दों का प्रयोग,धमकाने सादे स्टांप पर दस्तखत कराने आदि अपराध कारित किए जाने का आपराधिक वाद दाखिल किया जाएगा। जिससे इस तरह की कोई दुकानदार और सांठगांठ वाले आपूर्ति अधिकारी की भविष्य में मनमानी की हिमाकत न पड़े और उपभोक्ताओं के साथ अन्याय न हो सके।

# हर कीमत पर 31 दिसम्बर तक पूरा करें गंगा एक्सप्रेस-वे मुख्य कैरिजवे का कार्य : नन्दी

## अधिकारियों के साथ कैबिनेट मंत्री ने सर्किट हाउस सभागार में की बैठक





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कैबिनेट मंत्री औद्योगिक विकास, निर्यात , एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन नंद गोपाल गुप्ता नंदी जी अध्यक्षता में शनिवार को सर्किट हॉउस सभागार में गंगा एक्सप्रेस -वे परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में माननीय मंत्री जी ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस -वे प्रोजेक्ट माननीय मुख्यमंत्री जी का ड्रीम प्रोजेक्ट है और महाकुंभ-2025 का आयोजन प्रयागराज में होने जा रहा है जिससे देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की निगाहें यहां की व्यवस्था पर है। इसलिए मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार दिसम्बर 2024 तक मुख्य कैरिजवे का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ हर हाल में किया जाना है। बैठक में माननीय मंत्री जी ने गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना से जुड़े सभी वरिष्ठ अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि वे इस परियोजना को दिसंबर 2024 तक की निर्धारित अवधि में ही पूर्ण करने के लिए अपनी पूरी क्षमता व सम्पूर्ण मशीनरी लगा दें। इस परियोजना के कार्य में कोई भी लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं है।बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा के द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से माननीय मंत्री जी के द्वारा पूर्व में माह जुलाई तक परियोजना के 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के लक्ष्य के सापेक्ष परियोजना की ग्रुपवार अद्यतन प्रगति के बारे में अवगत कराया। बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा द्वारा बताया गया कि परियोजना को चार ग्रुप में बांटा गया है जिसमे ग्रुप-1 में जुलाई माह तक परियोजना के 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण किये जाने के लक्ष्य के सापेक्ष 60.54 प्रतिशत प्रगति है, ग्रुप-2 में लक्ष्य के सापेक्ष 66.00 प्रतिशत, ग्रुप- 3 में लक्ष्य के सापेक्ष 49.20 व ग्रुप-4 में लक्ष्य के सापेक्ष 50.60 प्रतिशत की प्रगति है जिसपर माननीय मंत्री जी के द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी और उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेस- वे परियोजना के मुख्य कैरेजवे का निर्माण निर्धारित समयसीमा में ही पूर्ण किया जाना है इसके लिए अवशेष दिनों में प्रत्येक दिन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए नया प्लान बनाया जाये और उसके अनुसार कार्य किया जाये। माननीय मंत्री जी ने परियोजना के मुख्य कैरेजवे में मिट्टी, सबग्रेड, जीएसबी, डब्लूएमएम,डीबीएम, एवं बीसी के कार्यों की भौतिक प्रगति की समीक्षा करते हुआ कहा कि परियोजना के निर्माण में सबसे चैलेंजिंग कार्य मिट्टी का है जिसपर पूरा फोकस कर इसे पूर्ण किया जाये। बैठक में माननीय मंत्री जी ने परियोजना से जुड़े सभी वरिष्ठ अधिकारियो से परियोजना के मुख्य कैरेजवे को दिसम्बर 2024 की निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के लिए उनके द्वारा क्या प्लानिंग व तैयारी की गई है, की जानकारी प्राप्त करते हुए मिट्टी के रेट को रिवाइज करने, दूर से मिट्टी की व्यवस्था करने के विकल्प खोजने और रिसोर्स को बढाने एवं फुल कैपेसिटी के साथ टारगेट व प्लान के अनुसार कार्य करने के लिए कहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ मुख्य महाप्रबंधक यूपीडा, वरिष्ठ भू-अर्जन अधिकारी, महाप्रबंधक यूपीडा, मुख्य अभियंता यूपीडा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी- अडानी व गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना से सम्बंधित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

**फास्टैग टोल प्लाजा नियम को ठहराया वैध, दलीलों का कोई ठोस आधार नहीं**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने टोल शुल्क के संबंध में दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में दलील दी गई थी कि टोल प्लाजा की सभी लेन को फास्टैग लेन घोषित करना असंवैधानिक और मनमाना है, जिससे फास्टैग न लगाने पर दोगुना शुल्क वसूला जा रहा है।याचिकाकर्ता विजय प्रताप सिंह की ओर से दलील दी गई कि टोल वसूली और रोड टैक्स का भुगतान दोहरी कराधान है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 की धारा-7 और संबंधित नियम 2008 के प्रावधानों के तहत टोल शुल्क वसूला जाता है। कोर्ट ने प्रतिवादी के वकील प्रांजल मेहरोत्रा की दलील को मान्यता दी, जिसमें कहा गया था कि फास्टैग के माध्यम से टोल भुगतान की सुविधा यात्रियों के लिए फायदेमंद है। इसमें कोई असंवैधानिकता नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि रोड टैक्स और टोल शुल्क का उद्देश्य और अधिकार अलग-अलग हैं और एक दूसरे से स्वतंत्र हैं। याचिका में उठाई गई दलीलों का कोई ठोस आधार नहीं था, और इसलिए इसे खारिज कर दिया गया।

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र पर युवक बन गया टीचर

## 25 साल से कर रहा नौकरी, प्रयागराज में आरटीआई के जवाब में खुलासा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** एक एडेड विद्यालय में फर्जी आरक्षण के आधार पर गुरुजी की नौकरी चल रही है। इसका खुलासा आरटीआई के जवाब में हुआ है। जवाब में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा आयोग ने आरक्षण के लाभ को फर्जी बताया है। अधिकारियों ने कहा, कि इस फजीर्वाड़े के मामले में कार्रवाई भी हो सकती है। इतना ही नहीं शिक्षक ने 25 साल में चार विद्यालय बदले। राजकुमार नई दिल्ली के रहने वाले हैं। उन्होंने खुद को यूपी के प्रतापगढ़ का निवासी बताकर अनुसूचित जाति के अंतर्गत आरक्षण का लाभ लिया है जबकि इनके द्वारा प्रस्तुत जाति प्रमाण पत्र दिल्ली राज्य का है। इनका चयन सबसे पहले वर्ष 1996 में इटावा जनपद में हुआ था लेकिन वहां के विद्यालय द्वारा नियमानुसार नहीं होने के कारण इनको ज्वाइन नहीं कराया गया। उसके बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से राजकुमार का समायोजन सुल्तानपुर में जनता इंटर कालेज, बेलहरी में एकल संचालन में जिला विद्यालय निरीक्षक ने तीन मई 1997 को कार्यभार ग्रहण का आदेश दिया था, जिसके क्रम में प्रधानाचार्य जनता इंटर कॉलेज बेलहरी ने कार्यभार ग्रहण कराया।

**2002 में प्रयागराज में मिली नियुक्ति :** राजकुमार ने जनता इंटर कॉलेज में प्रबंधतंत्र बहाल होने पर अपना स्थानांतरण वर्ष 2002 में हनुमतदत्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशव नगर, इस्माइलगंज, प्रयागराज में करा लिया था। वहां तीन वर्ष नौकरी करने के बाद पुनः वर्ष 2005 में मेवालाल इंटर कॉलेज, सोरांव में फर्जी प्रबंधतंत्र की पत्रावली तैयार कर स्थानांतरण करा लिया जबकि मेवालाल इंटर कालेज सोरांव में तत्समय एकल संचालन था। वेतन आहरण का काम सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा किया जाता था।

**इस फजीर्वाड़े में जा सकती है नौकरी :** अधिवक्ता सोमधर द्विवेदी ने उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग से आरटीआई के तहत जवाब मांगा। शिक्षा सेवा चयन आयोग ने कहा कि दूसरे राज्य के नागरिकों को तथा दूसरे राज्य द्वारा जारी प्रमाण पत्र के आधार पर उत्तर प्रदेश में आरक्षण का लाभ नहीं दिया जाता। आरटीआई में फिर राजकुमार की जाति प्रमाण पत्र तथा नियुक्ति पत्र को संलग्न कर सूचना मांगी गई। शिक्षा सेवा चयन आयोग के उप सचिव नवल किशोर ने 9 अगस्त को दी गई सूचना में बताया की दूसरे राज्य द्वारा जारी प्रमाण पत्र के आधार पर लिया गया आरक्षण नियमानुसार नहीं है ऐसे व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है और वह बर्खास्त किया जायेगा।

# बिजनेसमैन से 1.71 लाख की ठगी

**फोन करने वाले ने कहा- पोर्न वीडियो देखने के सबूत मिले हैं, बचना है तो रुपए भेज दो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में एक बिजनेसमैन को डिजिटल अरेस्ट कर 1.71 लाख रुपए ठग लिए गए। जालसाजों ने फोन करके खुद को लखनऊ साइबर सेल का अधिकारी बताया। बिजनेसमैन से कहा कि साइबर सेल डाटा बेस समेत अन्य सोर्स से सुराग जुटा रहा है।हमारे पास साक्ष्य है कि आप पोर्न वीडियो बहुत ज्यादा देखते और अपलोड करते हैं। बैन पोर्न वीडियो देखना कानूनन अपराध है, ऐसे में आपको जेल भेजा जा सकता है। जिसके बाद बिजनेसमैन डर गया। उसने दिए गए एकाउंट नंबर में रुपए ट्रांसफर कर दिए।फोन करने वाले शख्स से बात करने के लिए जब दोबारा नंबर मिलाया गया तो स्विच्ड ऑफ मिला। जिसके बाद ठगी का एहसास हुआ। तब जाकर उसने न्यू कैंट थाने में केस दर्ज कराया।

**खुद को पुलिस का अधिकारी बताकर धमकाया था :**

न्यू कैंट इलाके के एक फ्लैट में रहने वाले कारोबारी ने बताया, कुछ दिनों पहले उनके पास साइबर जालसाजों का फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को पुलिस का अधिकारी बताकर कहा, आप पोर्न वीडियो बहुत ज्यादा देखते और अपलोड करते हैं। बैन पोर्न वीडियो देखना कानूनन अपराध है, ऐसे में आपको जेल भेजा जा सकता है। इतना सुनते ही वह डर गए। उन्होंने समझाने की कोशिश की तो फोन करने वाले ने कहा कि ऐसा एक दो बार नहीं पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रहा है। आप जेल जाना चाहते हैं। कानून के बारे में मुझे ज्यादा जानकारी नहीं थी इसलिए मैं डर गया। न एफआईआर न जांच, रुपये भेजो : अंत में साइबर सेल वालों ने कहा कि आपके खिलाफ एफआईआर नहीं होगी, साइबर सेल जांच नहीं करेगा। आपकी जमानत प्रक्रिया यहीं पूरी कर दी जाएगी। इसके लिए तत्काल रुपये ट्रांसफर करें। इसके बाद साइबर ठगों ने बैंक का एकाउंट नंबर दिया। इसके बाद ठगों ने यूनियन बैंक के एकाउंट से 68 हजार 200 रुपए, फिर एचडीएफसी बैंक के खाते से 28000 रुपए और तीसरी बार में बैंक ऑफ बड़ौदा के एकाउंट से 75000 रुपए अपने एकाउंट में ट्रांसफर करा लिए।कुल एक लाख 71 हजार रुपए से ज्यादा साइबर ठगों ने डरा धमका कर अपने खाते में मंगा लिए। बाद में मामले की तहरीर कैंट थाने में दी गई। कैंट पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

## हाईकोर्ट के वकील के अकाउंट से रुपए ट्रांसफर

**साइबर शातिरों ने बैंक कर्मचारी बन जानकारी ली, 87 हजार उड़ा दिए**

**प्रयागराज।** ऑनलाइन ठगी का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। साइबर शातिर रोज ही किसी न किसी के खाते से रुपए उड़ा रहे हैं। अब हाईकोर्ट के वकील रमेश कुमार के खाते से दो बार में 83 हजार रुपए और 5 हजार रुपए उड़ा दिए गए।कैंट इलाके के साईंधाम अपार्टमेंट में रहने वाले रमेश कुमार ने कैंट थाने की पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके पास एक कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया। कहा कि आपका क्रेडिट कार्ड अपडेट करना है। इसके बाद वॉट्सऐप पर बैंक का एक एप भेजा गया।एप खोलने के बाद अकाउंट की डिटेल मांगी जाने लगी। जैसे ही बैंक का विवरण एप पर गया तो 83 हजार 354 रुपए और कुछ सेकेंड बाद 5 हजार रुपए किसी और खाते में ट्रांसफर हो गए।इसके बाद वकील ने तत्काल बैंक के नंबर पर कॉल कर सूचना दी। वकील ने पुलिस को मोबाइल और वॉट्सऐप नंबर दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तीन बैंकों में पहुंचे नकली नोट, जांच के लिए नासिक भेजे जाएंगे 32 हजार रुपए, आरबीआई ने दर्ज कराई एफआईआर

**प्रयागराज।** प्रयागराज में डेढ़ महीने में तीन सरकारी बैंकों में 2 हजार के कुल 16 नकली नोट (32 हजार) मिले हैं। जाली नोट कानपुर के रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआईं) के खजाने में तीन बार भेजे गए थे। यहां नोटों का मिलान करने पर नकली नोट की पहचान हुई। जिसके बाद आरबीआईं के अधिकारियों की ओर से शनिवार को खुल्दाबाद थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन सोमेश्वर महादेव मंदिर में

**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र में विशाल भंडारे का आयोजन सोमवार को सिद्ध पीठ श्री सोमेश्वर नाथ मंदिर में किया जाएगा वरिष्ठ समाजसेवी सुधीर शर्मा संध्या देवी जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार, समाजसेवी राजेश साहू के नेतृत्व में विशाल भंडारे का आयोजन सुबह से किया जाएगा जिसमें आप सभी लोगों से निवेदन है कि प्रसाद ग्रहण अवश्य करें। यह जानकारी वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव ने दी है।

# यमुना की लहरों में बहा 9वीं का छात्र, तीन दोस्त गये थे नहाने

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** यमुनापार इलाके के घूरपुर में रविवार को नौंवी का एक छात्र यमुना नदी में बह गया। तीन दोस्त एक साथ बीकर गांव स्थित जिभिया पहाड़ी पर पहुंच मौज मस्ती कर रहे थे। एक दूसरे की फोटो खींच रही थे। इसके बाद तीनों घाट किनारे नदी में नहाने पहुंच गए। इस समय नदी का बहाव बहुत ही तेज है।नहाने समय नौंवी का छात्र जतिन केसरवानी बह गया। दोस्तों ने चीख पुकार मचाई लेकिन पल भर में ही जनित आंखों से ओझल हो गया। बाद में गोताखोरों ने काफी तलाश की लेकिन जनित का पता नहीं चल सका।घूरपुर थाना क्षेत्र के दलवा बारी गांव के रहने वाले शिवकुमार केसरवानी का बड़ा जतिन केसरवानी गांव के ग्राम ज्योति विद्यालय में नौवीं का छात्र है। रविवार को वह अपने एक दोस्त रोहित के साथ बीकर गांव चला गया। उसे अपने दोस्त आरएन निषाद से मिलना था।बीकर गांव में तीनों दोस्त साथ घूमने निकल गए। वह पहाड़ी पहुंचे और कुछ देर टहलते रहे। फिर तीनों ने यमुना में नहाने का मन बना लिया। पहाड़ी रास्ते से उतर तीनों किनारे पर नहाने लगे। हंसी मजाक के दौरान जनित थोड़ा आगे निकल गया जिससे वह पानी के बहाव में बह गया।



# बीजेपी कार्यकर्ताओ ने किया हिन्दुओ पर अत्याचार का विरोध

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** भारतीय जनता पार्टी गंगापार दुवार्षा मंडल के कार्यकताओं ने रविवार की शाम बांग्लादेश में हिन्दुओ पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हाथों में काली पट्टी बांध कर कैंडल मार्च निकाला। गंगापार महामंत्री मनोज निषाद के नेतृत्व में निकले कैंडिल मार्च में बांग्लादेश मुदार्बाद के नारे लगाते हुए कार्यकर्ताओ ने विपक्ष के चुप्पी की आलोचना की। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष आत्माधर दुबे, जंग बहादुर, दुर्गेश, पुरुषोत्तम, सुधांशु, सूरज ,बिक्कू प्रधान, आदित्य त्रिपाठी, सूरज दुबे, सत्येंद्र कुमार शुक्ला, अनिल बिंद आदि मौजूद रहे।

# यमुनापार के भाजपाइयों ने महापुरूषों के मूर्ति एवं परिसरों की साफ-सफाई-धुलाई का चलाया अभियान

**हर -घर तिरंगा अभियान के तहत पहले कार्यक्रम का हुआ आगाज**




**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी यमुनापार प्रयागराज के जिला पदाधिकारियों ने रविवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत सुरवल सहनी के सरदार पटेल गार्डेन में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल,बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, छत्रपति शाहूजी महाराज, गौतम बुद्ध आदि महापुरूषों के प्रतिमा एवं स्मारकों के आसपास स्वच्छता व साफ सफाई धुलाई का अभियान जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति व शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार चलाया गया। जिसमें जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल, जिला मंत्री प्रकाश शुक्ला प्रचंड , जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, जिला कार्यालय मंत्री मनोज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह पटेल,दीवान सिंह पटेल, पंकज सिंह आदि रहें। इसी प्रकार शंकरगढ़,जसरा, कौंधियारा, करछना आदि जगहों पर भी अभियान चलाया गया। इसके बाद महापुरूषों के प्रतिमाओं के ऊपर माल्यार्पण करते हुए नमन करेंगे कार्यकर्ता।



# मां गंगा के निर्मलता व अविरलता को लेकर आयोजित बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**उच्चाधिकारियों से मिलेगा समाज सेवियों का प्रतिनिधि मंडल**

**नैनी।** नैनी गंगा महासभा एवं यमुनापार विकास संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गंगाभक्तों एवं सामाजिक कार्यकताओं की एक बैठक देवरख बंधातट स्थित मिडिल प्वाइंट रेस्टोरेंट में संपन्न हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडे एवं संचालन महामंत्री गजेंद्र प्रताप सिंह ने किया। बैठक में नैनी गंगा तट पर शवदाह गृह निर्माण, नालों के गन्दे पानी को संगम से आगे दो किलोमीटर दूर गिराने तथा मूर्ति विसर्जन हेतु कृत्रिम तालाब के निर्माण की मांग के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार शीघ्र ही सामाजिक संगठनों का प्रतिनिधि मंडल नगर आयुक्त व महापौर से मिलकर समस्याओं से अवगत कराकर सम्यक समाधान हेतु पहल करेंगा। अगली बैठक 18 अगस्त को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में देवेन्द्र तिवारी, हरजीत मारवाह, राज कुमार श्रीवास्तव, शौमिक सरकार, दिनेश कुमार विश्वकर्मा, विनोद जैकब, जितेन्द्र सिंह, प्रवीण तिवारी, विपिन सिंह, आशुतोष मिश्र, राजेन्द्र श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

# श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया





**नैनी।** नैनी अरैल सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के द्वारा महीने के दूसरे रविवार को श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में कार्यक्रम अधिकारी संदीप कुमार केसरवानी के नेतृत्व में भव्य स्वच्छता अभियान चलाकर मंदिर का कोना-कोना साफ किया गया। उन्होंने कहा कि लोगो की आस्था ईश्वर में अटूट हैं पूजा पाठ के प्रति। लेकिन लोग मंदिर में दूध, फल फूल आदि चढ़ाते हैं और फाइबर ग्लास, पॉलिथीन आदि को मंदिर प्रांगण में ही इधर उधर फेंक देते हैं, जिससे चारों तरफ गंदगी का अंबार लग जाता है, यदि थोड़ा सा कष्ट करके, उस कूड़े को डस्टबिन में डाल दें, तो स्वछता का माहौल चारों तरफ बना रहे। क्योंकि कहा गया है, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है,और यह तभी संभव है जब हमारे चारों ओर स्वच्छता की लहर जगमगाएगी। शिक्षा विभाग के क्षेत्र में प्रतिष्ठित वरिष्ठ अध्यापक शिव प्रसाद यादव ने कहा कि सबसे पहले हम सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक होना पड़ेगा, हम अपने घरों को जैसे साफ सुथरा रखते हैं उसी प्रकार से सार्वजनिक स्थलों को भी स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। नन्हे स्वच्छता स्वयंसेवी अनुज चौरसिया ने भी स्वच्छता के प्रति लोगों से अपील की। कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी मनीष पांडे, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा, डॉ एस बी यादव, आत्म प्रकाश यादव, विनोद गुरानी, अभिषेक यादव, प्रवीण तिवारी ऋषिकेश प्रजापति,अमित बाबा, निर्मल कुशवाहा, उज्जवल यादव, गौरव यादव,आर्यन यादव, सनी यादव, सौरभ यादव, तुलसी तिवारी, अनन्या चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## आटो चालक की लापरवाही से आधा दर्जन सवारी घायल

**प्रयागराज।** आटो चालक की लापरवाही से आधा दर्जन सवारी घायल हो गए हैं। डायल 112 में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा घायलों को समय रहते हॉस्पिटल पहुंचाया गया। घायलों का प्रयागराज जिले के एक निजी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। घटना पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बमरौली चौकी अंतर्गत की है। भरवारी निवासी आफरीन, शाहनवाज, बालकिशन एवं परतोष श्रीवास्तव आटो पर सवार होकर प्रयागराज जा रहे थे। जैसे ही आटो बमरौली चौकी के पास पहुंचा आटो चालक एक कार में आटो को ठोक दिया। आटो सवार चार लोग गंभीर घायल हो गए बाकि लोगों को हल्की चोटें आई है। कुछ कदम की दूरी पर डायल 112 की गाड़ी खड़ी थी। डायल 112 में तैनात पुलिस कर्मी ऋषि कुमार, राकेश कुमार, चालक वीरेंद्र सिंह एवं महिला कांस्टेबल बबली यादव ने घायलों को उपचार हेतु एक निजी हॉस्पिटल एडमिट करा दिया है जहां पर घायलों का इलाज चल रहा है।

# केसरवानी समाज को पिछड़े वर्ग के आरक्षण में शामिल किया जाए

**केसरवानी वैश्य को आरक्षण के लिए मुख्यमंत्री के नाम लेटर अभियान का शुभारंभ किया गया**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश केसरवानी वैश्य महासभा की नगर सभा के द्वारा केसर विद्यापीठ इंटर कॉलेज के प्रांगण से केशरवानी समाज को पिछड़े वर्ग के आरक्षण में स्थान दिए जाने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पोस्टकार्ड लेटर अभियान का शुभारंभ किया गया इस अवसर अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य सभा के संरक्षक शिवकुमार वैश्य एवं राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र केसरवानी के द्वारा यह अभियान शुभारंभ किया गया इस अभियान को लेकर उत्तर प्रदेश केसरवानी वैश्य महासभा के प्रदेश महामंत्री प्रमिल केसरवानी ने कहा कि केसरवानी समाज को पिछड़े वर्ग के आरक्षण में शामिल किए जाने को लेकर यह अभियान पूरे उत्तर प्रदेश में शुभारंभ किया गया है जो उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले से केसरवानी समाज माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नाम से केसरवानी समाज को पिछड़े वर्ग के आरक्षण में स्थान दिए जाने को लेकर मांग पत्र पोस्टकार्ड लेटर अभियान के द्वारा पहुंचाएगी इसके अलावा उत्तर प्रदेश के सभी सांसद और विधायकों से केसरवानी वैश्य समाज को पिछड़े वर्ग के आरक्षण में लाभ दिए जाने को लेकर समर्थन पत्र हासिल करने का अभियान चलाएगी। इस अवसर पर कन्हैया लाल गुप्ता, श्रीकांत केसरवानी, विनोद केसरवानी, सुरेश केसरवानी, रमेश चंद्र केसरवानी, राजेश केसरवानी, रतन केसरी, अभिलाष केसरवानी सुमित केसरवानी आदि अन्य केशरवानी समाज के लोग उपस्थित रहे।

# पदमावत एक्सप्रेस में लगी आग कूदे यात्री, मचा हड़कंप

## दिल्ली जाने वाली ट्रेन के जनरल कोच की घटना, जान पर खेलकर यात्री ने बुझाई आग, मची अफरा तफरी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** दिल्ली जा रही पदमावत एक्सप्रेस शनिवार देर रात को दी बर्निंग ट्रेन बनने से बाल बाल बची। इंजन से दूसरी जनरल बोगी के निचले हिस्से में अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। इसी के साथ चिंगारी भी निकलना शुरू हो गई। ट्रेन को आनन फानन में रास्ते में रोका गया।

किसी अनजान भय से यात्री भी ट्रेन से कूद गए। एक यात्री ने जान पर खेलकर आग बुझाई। तक जाकर यात्रियों की सांस में सांस आई। सूत्रों के मुताबिक अगर देर हो जाती तो पूरी ट्रेन आग की चपेट में आ सकती थी। अगर ऐसा होता तो स्थिति बड़ी ही भयावह होती। इस घटना के कारण ट्रेन करीब चालीस मिनट तक रात के वक्त सुनसान इलाके में खड़ी रही। उसके बाद लखनऊ की ओर रवाना हुई।

जानकारी के अनुसार पद्मावत एक्सप्रेस रात करीब आठ बजे मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए छूटी। इसके आधे घंटे बाद जगेसरगंज और मां चंद्रिका देवी धाम रेलवे स्टेशन के बीच बोगी में यह हादसा हुआ। रेलवे के सूत्रों का कहना है कि चक्के का ब्रेक पैड लॉक होने के कारण ऐसा हुआ था। इसकी दो वजह हो सकती है।पहला चेन पुलिंग होने पर ब्रेक जाम हुआ होगा। दूसरा मां बेल्हा देवी धाम से चलते समय गाड़ी का ब्रेक रिलीज न


आग को बुझाते लोग।

किया गया हो। अगर कुछ देर और ट्रेन चलती तो आग बढ़ जाती। फिलहाल डीआरएम लखनऊ ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने घटना की जांच का निर्देश दिया है। डीआरएम ने सेफ्टी अफसरों की जमकर क्लास ली है। उन लोगों ने प्रतापगढ़ वालों को निशाने पर ले लिया। तब से खलबली मची है। बता दें कि ट्रेन जगेसरगंज स्टेशन पार कर रही थी। तभी पोर्टर की नजर आग पर पड़ी। उसने लाल दिखाकर चालक और गार्ड को संकेत दिया था। उसके बाद गार्ड ने ब्रेक लगाया। बता दें कि इस मामले में सेफ्टी के साथ लापरवाही नजर आई। चर्चा है कि मां बेल्हा देवी धाम में गाड़ी को ब्रेक से रिलीज किया गया होता तो शायद ऐसा न होता। चिलबिला के बाद ड्राइवर ने स्पीड बढ़ाई उसी के बाद ब्रेक पैड लॉक होने की समस्या बढ़ती गई।

### ट्रेन के पहिए से उठने लगी चिंगारी

बीती रात करीब आठ बजे पद्मावत एक्सप्रेस मां बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन से रवाना हुई। जगेशरगंज से ट्रेन आगे बढ़ी थी। अंतू के समीप पहुंच रही थी कि तभी ट्रेन के पहिए से चिन्गारी उठने लगी। इससे यात्रियों में खलबली मच गई। तेज आवाज भी हो रही थी। यात्रियों की चीख. पुकार सुनकर गार्ड ने लोको पायलट को इसकी जानकारी दी। इसके बाद ट्रेन रोकी गई।

# पैरामेडिकल छात्रों के साथ नाइंसाफी करने वाले संचालक को पुलिस ने भेजा जेल

## बीफार्मा, डीफार्मा, डिप्लोमा के लिये वसूली मोटी रकम, संस्थान में खोल दिया रिसार्ट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गेट वे कालेज आफ फार्मेसी एवं मेडिकल कालेज में छात्रों को पास कराने, कम फीस में डीफार्मा व बीफार्मा की डिग्री देने का सात वर्षों से धंधा करने वाले संचालक आशीष कुमार यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार के अनुसार करीब तीन सौ छात्र-छात्राओं से लाखों रुपये वसूल कर कूटचरित दस्तावेजों पर फर्जी डिग्रियां संस्था के नाम से वितरित की गई हैं। छात्रों को धोखाधड़ी का तब पता चला जब संस्था में ही रिसार्ट खोल दिया गया। छात्रों ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की तो एसपी ने इसकी जांच कराई तो मामले में कई फर्जीवाड़ा सामने आया। पीड़ित छात्रों की शिकायत पर संग्रामगढ़, महेशगंज, मानिकपुर थानों में संचालक आशीष कुमार यादव सहित आठ लोगों पर इस धोखाधड़ी में शामिल होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इस मामले की जांच सीओ लालगंज राम सूरत सोनकर को सौंपी गई है। बताया जाता है कि आशीष कुमार यादव के बैंक में जमा 9.60 लाख रुपया फ्रीज करा दिया गया है ताकि न्यायालय के आदेश से इसे छात्रों को लौटाया जा सके। अभी संचालक द्वारा वितरित सभी डिग्रियों की जांच कराई जाएगी।

# जयंती पर याद किये गये महाकवि तुलसीदास

## तुलसी सदन में लगी प्रतिमा की गंगाजल से हुई धुलाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के तुलसी सदन (हादीहाल) में वहां पर लगी महाकवि तुलसी दास की भव्य प्रतिमा को आज गंगाजल से धुलकर उन्हें तुलसी दल की माला पहनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। नगर पालिका की टीम आज प्रातः ही तुलसी सदन पहुंच गई थी जिसमें नगर पालिका के खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह, प्रशांत सिंह एवं रोड गैंग के कर्मचारी शामिल थे।

सभी ने तुलसी सदन की प्रतिमा की धुलाई, सफाई कर पहले तुलसी दल की माला और फिर गेंदे की फूल माला पहनाकर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित मानस की चैपाईयों का भी उल्लेख करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। बता दें कि हादीहाल का नाम पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह के कार्यकाल में तुलसी सदन किया गया था और उनकी भव्य प्रतिमा यहां स्थापित की गई थी। अब यह वातानुकूलित हाल बन गया है जहां सरकारी, गैर सरकारी, महत्वपूर्ण कार्यक्रम किये जाते हैं। नगर पालिका के नवागत ईओ राकेश कुमार ने आज तुलसी जयंती पर कम्पनी गार्डेन के पीछे बने अपने सरकारी आवास पर पूजन हवन कर प्रवेश किया।


तुलसीदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह।

# देश की उन्नति में संस्कार और राष्ट्र के प्रति समर्पण आवश्यकः विक्रांत खंडेलवाल

## भारत विकास परिषद विशाल की हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत विकास परिषद विशाल शाखा प्रतापगढ़ द्वारा नगर के मोती महल सभागार में बैठक हुई। बैठक में भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री विक्रांत खंडेलवाल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र में आर्थिक विकास के साथ आवश्यक है कि यदि उसके नागरिक देश की संस्कृति और सुघड़ संस्कारों के साथ पोषित होते हैं तब ही उस राष्ट्र के समग्र विकास की कल्पना की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि आज हमारे पास के देशों में खराब स्थितियों के पीछे यह ना होना दिख भी रहा है, जबकि हम विभिन्न विसंगतियों के उपरांत भी विश्व के विकसित देशों की श्रृंखला में बढ़ रहे हैं। परिषद के प्रांतीय महामंत्री अमित श्याम ने कहा कि देश की विविधता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। हमें अपनी विविधता को सबसे बड़ी ताकत बनाते हुए देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जी-जान से जुटना होगा। अध्यक्ष गोविंद प्रसाद खंडेलवाल ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री के कार्यकाल की यह बड़ी उपलब्धि रही है कि देशवासियों में भारतीयता की सामूहिक चेतना का पुनर्जागरण हुआ है। प्रांतीय उपाध्यक्ष उदय भानु सिंह ने कहा कि आज जन कल्याण से जग कल्याण की राह पर चलने वाला भारत पहला राष्ट्र है। संचालन डॉ. प्रो. पियूष कांत शर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रोफेसर बृजभानु सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्थापक सदस्य डॉ आर. के. सिंह, गिरिजा शंकर मिश्रा, राकेश शुक्ला, शिशिर खरे, ए. के. कपूर, अश्वनी केसरवानी, शरद केसरवानी, नारायण शुक्ला, अभय खंडेलवाल, गोविंद सिंह मंजीत, नारायण प्रसाद खंडेलवाल, अमरेंद्र प्रताप सिंह, प्रो. अरुण कुमार श्रीवास्तव, संजय खरे, राजेश अग्रवाल, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, डी. पी. चतुर्वेदी के साथ महिला संयोजिका नमिता पाण्डेय, श्रद्धा सिंह, शकुंतला खंडेलवाल, पुष्पांजलि शुक्ला, बीना सिंह, कंचन सिंह, प्रोमिला कपूर पूनम केसरवानी, कविता केसरवानी, क्षमा खंडेलवाल, रेखा सिंह, आशा सिंह, नीतू अग्रवाल, आशा चतुर्वेदी, मीनू खंडेलवाल, वंदना सिंह, वंदना श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



मोती महल सभागार में आयोजित बैठक में बोलते अतिथि।

# बिजली की करंट से छात्र की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भंगवा गांव निवासी संतोष पांडे का पुत्र अभी पांडे 15 वर्ष कक्षा 9 का छात्र था। वह शनिवार की रात 11 बजे कूलर की करंट की चपेट में आ गया। इससे उसे आनन-फानन मेडिकल कॉलेज ले गए लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वह अपनी मां-बाप का इकलौता बेटा था और एक बहन है। उसके पिता पुराना माल गोदाम के पास खुशी वर्धन बिल्डिंग मटेरियल की दुकान चलाते हैं। इकलौते बेटे की मौत पर स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।


अभी पाण्डेय (फाइल फोटो)

# डीएम ने दो को किया जिला बदर

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार के निर्देश पर आपराधिक प्रवृत्ति के दो व्यक्तियों को जिला बदर किया गया। कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत जीरो टॉलरेन्स नीति के तहत अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध लगातार कठोर कार्यवाही की जा रही है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा थाना कुण्डा से एक व थाना लीलापुर से एक आपराधिक किस्म के व्यक्ति को उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(1) के अन्तर्गत जिला बदर किया गया। थाना कुण्डा से अभियुक्त अभिजीत सिंह के विरुद्ध लूट एवं छिनैती संबंधी गम्भीर धाराओं में मुकदमें व बीट सूचना दर्ज है। थाना लीलापुर से अभियुक्त मो0 अकरम के विरुद्ध गोवध व पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा व बीट सूचना दर्ज है।

# जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का निर्वाण महोत्सव सम्पन्न

## निर्वाण लाडू चढ़ाकर जैन धर्म अनुयाइयों ने अपनी श्रद्धा अर्पित की

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री दिगम्बर जैन मन्दिर कटरा मेदनीगंज में जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का निर्वाण महोत्सव परम्परागत ढंग से मनाया गया। जैन मन्दिर में प्रातः सात बजे भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक मंगल मंत्रों, वाद्य यन्त्रों एवं जयकारों के बीच सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात विश्व शांति की कामना के साथ भगवान का शांतिधारा अभिषेक हुआ।

तत्पश्चात जैन मंदिर कटरा मेदनीगंज में भगवान पार्श्वनाथ निर्वाण-कल्याणक विधान के साथ भगवान की पूजन कर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इस अवसर पर सभी श्रधालुओ ने नाच-गाकर अपनी भक्ति अर्पित की। इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष ऋषभ चंद्र जैन ने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक मोक्ष सप्तमी के नाम से जाना जाता है। इसी तिथि को भगवान ने मोक्ष प्राप्त किया था और पूरे देश में यह पर्व निर्वाण लाडू चढ़ाकर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। जैन समाज के महामंत्री प्रदीप कुमार जैन ने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ का जीवन त्याग, तपस्या एवं संयम का साकार निदर्शन है। अपने उन जीवन में घोर तप करके उन्होंने आत्मत्व की खोज की थी। जैन समाज के संरक्षक ध्रुव कुमार जैन ने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ ने जिस सिद्धान्त पर सर्वाधिक जोर दिया, वह अहिंसा है। उनके अनुसार सिर्फ प्राणों का घात करना ही हिंसा नहीं है बल्कि मन, वचन, काय से प्राणियों को पीड़ा पहुँचाना भी हिंसा है। उन्होंने बताया कि जैन धर्म का मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्मरू है। भगवान पार्श्वनाथ निर्वाण महोत्सव समारोह में मेवालाल जैन, ऋषभ चंद्र जैन, प्रदीप कुमार जैन, ध्रुव कुमार जैन, मिठाई लाल जैन, अनिल जैन, सुनील जैन, यश जैन, शुभम जैन, संदीप जैन, अंकित जैन, संजीव जैन, सुधीर जैन, राजीव जैन, विपिन जैन, विवेक जैन आदि मौजूद रहे।


भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक करते अनुयायी।

# इंटर कॉलेज में रहे आर्ट मास्टर का हुआ निधन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्थानीय रामराज इंटर कॉलेज के पूर्व कलाध्यापक राजाराम शर्मा (आर्ट मास्टर) का शनिवार की रात प्रयागराज में निधन हो गया। वे 95 वर्ष के थे। उनके निधन का समाचार सुनकर पट्टी क्षेत्र के शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। नगर के तमाम शिक्षक उनके अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए प्रयागराज गए। रामराज इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र, पूर्व प्रवक्ता राजेश्वरी प्रसाद खरे, पूर्व प्रधानाचार्य भगवान दास मिश्रा, संगम लाल शुक्ला, दो राम किशोर मिश्र, राजेश दुबे, नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक जायसवाल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जुग्गी लाल जायसवाल सहित अन्य नगर निवासियो ने शोक जताया।

# गांव में जाने वाला मार्ग कीचड़ में तब्दील, लोगों का आवागमन बाधित

## दो साल से सड़क निर्माण की राह देख रहे ग्रामीण

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** गांव में जाने वाले मार्ग पर बरसात के पानी भरने की वजह से कीचड़ में तब्दील हो गया है। जिससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है। विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के शीतलागंज उडैयाडीह मार्ग से जगदीशगढ़ गांव में जाने वाले मार्ग पर बरसात में कीचड़ हो गया है।

ग्रामीणों को आने जाने में भारी कठिनाइयों का सामान करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस सड़क का निर्माण कराने के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया लेकिन अभी तक इसे बनाया नहीं गया। एक किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य के लिए पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह ने संस्तुति कराया था। ठेकेदार ने आधी सड़क का काम करवा कर चला गया, जिससे अभी तक यह सड़क अधूरी पड़ी हुई है। यह सड़क तीन गांवों को जोड़ती है जिसमें जगदीशगढ़, गोलापुर तथा यहियापुर गांव को लेकिन अभी तक इसका निर्माण नहीं हो सका जिससे गांव के बच्चों को स्कूल आने जाने में दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी व जनप्रतिनिधियों से अविलम्ब सड़क निर्माण कराएं जाने की मांग की है।


कीचड़ में तब्दील जगदीशगढ़ गांव को जाने वाला मार्ग।

# छात्रा के साथ मोबाइल छिनैती की लूट, तीन आरोपी गये जेल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसपी के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर कोतवाली पुलिस ने लूट की घटना के आरोपियों को चैबीस घंटे के भीतर शिकंजे में लेने की सफलता ली है। स्कूल से घर लौट रही छात्रा के साथ मोबाइल छिनैती को लेकर पुलिस ने तीन आरोपियो को जेल भेज दिया। वहीं पीडिता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के महिमा का पुरवा निवासिनी उषा वर्मा की पुत्री स्वाती लालगंज स्थित रामअंजोर मिश्र इण्टर कालेज में कक्षा बारह की छात्रा है। शनिवार को दिन में तीन बजे वह स्कूल से साइकिल द्वारा घर जा रही थी। तिनमोहनिया के पास बाइक सवार तीन युवकों ने छात्रा का मोबाइल छीन कर भाग निकले। सहमी छात्रा युवकों की हरकत देख अपना स्कूली बैग फेंककर बचाव के लिए चीखते चिल्लाते भागी। पुलिस ने पीड़िता छात्रा की मां की तहरीर पर तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रात में ही लूट का केस दर्ज कर लिया। पीडिता ने युवको के बाइक नंबर को नोट कर लिया था। छात्रा के साथ हुई वारदात को लेकर प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव भी इलाकाई पुलिस के साथ घटना की छानबीन में रात से ही जुट गये। रविवार की सुबह कोतवाली के दरोगा दीपक यादव फोर्स के साथ घटना की तहकीकात मे निकले थे। तभी राजेन्द्र नगर से अझारा की तरफ नहर मार्ग पर पुलिस को बाइक दिख गयी। पुलिस ने पीछा कर आरोपियो को धर दबोचा। पकड़े गये आरोपी इटैला निवासी बबलू पुत्र बृजलाल तथा पूरे नक्का निवासी अंकुर पुत्र राजबहादुर व इसी गांव के अतुल पुत्र उमेश ने कड़ाई से पूछताछ में घटना में शामिल होने की बात मानी। पुलिस इन्हें कोतवाली ले आयी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को दोपहर बाद जेल भेज दिया।

# चौथे सोमवार को लेकर उमंग में कांवड़िया, बाबा धाम में बोल बम का शुरू जयघोष

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सावन के चैथे सोमवार को लेकर रविवार को दोपहर बाद से कांवड़िया श्रद्धालुओं का हुजूम बाबा घुइसरनाथ धाम में रौनक लिये दिखा। शिवभक्त डीजे की धुन पर नाचते गाते बाबा धाम पहुंचने लगे। मानिकपुर के अलावा प्रयागराज से भी पवित्र गंगा जल के साथ कांवड़ लेकर शिवभक्त बोल बम के जयघोष में मगन दिखे। महिला श्रद्धालुओं को भी कांवड़ यात्रा में उत्साहित देखा गया। कांवड़िया समूह की पैदल यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन भी दोपहर बाद से सतर्क दिखा।

लालगंज चैक पर बैरीकेटिंग कर बड़े वाहनों को रूट डायवर्जन से घुइसरनाथ रोड के बगल मार्गो से निकाला गया। बाबा धाम में भी सई तट से लेकर परिसर में पुलिस को सतर्क देखा गया। सांगीपुर के देउम चैराहे पर भी पुलिस का भारी बंदोबस्त दिखा। लीलापुर के सगरा सुन्दरपुर बाजार में पुलिस दोपहर बाद से हर स्थिति पर नजर जमाये दिखी। वहीं सावन के चैथे सोमवार को बाबा धाम में बडी संख्या में शिवभक्तों की ओर से रूद्राभिषेक को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति भी व्यवस्था की रूपरेखा में जुटी दिखी। इस बार सावन में पांच सोमवार को लेकर चैथे सोमवार को प्रशासन भीड़ के बढ़ने के अनुमान में व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाए रखने में मशक्कत में रविवार से ही देखा जा रहा है।


रविवार को बाबा धाम में जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

# भैंस चोरी के मामले में पिता पुत्र व तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पांच दिन पहले बीती रात पिकअप डाला सवार बदमाशों ने एक ही रात में तीन भैंस को चोरी कर लिया। पशुपालकों की तहरीर पर पुलिस ने पिता व उसके दोनों बेटे तथा तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के सोनाही दीवानगंज मार्ग पर छह अगस्त की बीती रात को पिकअप डाला सवार बदमाशों ने सड़क किनारे घरों के पास बंधी तीन भैंस को निशाना बनाया, जिसमें पूरे बेनीराम गांव के अखिलेश मिश्रा, पूरे वेदुआ के संतोष वर्मा व सोनाही लक्ष्मणपुर के महेंद्र सिंह की लाखों रुपए की भैंस खोल ले गए थे। इस मामले में पीड़ित अखिलेश मिश्रा व संतोष वर्मा के नामजद तहरीर पर दिलीपपुर पुलिस ने अनवर, जुबैर, जाबेद निवासी पूरे गुलाल व तीन अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज मामले की जांच कर रही है।

# जमीन विवाद में जमकर चले लाठी डंडे

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीन विवाद के मामले में रविवार को जमीन का पैमाइश हो रहा था। इस दौरान विपक्षियों ने लाठी डंडा लेकर मारने पीटने लगे मार-पीट के दौरान चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली लाकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के रेडींगारापुर गांव के रहने वाले विवेक यादव एडवोकेट ने समाधान दिवस पर शनिवार को प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि उसके पड़ोसियों से जमीन का विवाद चल रहा है। इस विवादित जमीन के पास भवन का निर्माण हो रहा है जिसका निस्तारण करवाने के लिए मौक पर राजस्व विभाग व पुलिस बल पहुंची थी। इस दौरान देखते ही देखते विपक्षियों ने एक राय होकर मार-पीट करने लगे। जिसमें रामसागर, मनोज कुमार, शिवकुमार, हरिश्चंद्र घायल हो गए। फिलहाल लोगों के बीच बचाव से मामला शांत हुआ। वहीं सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस सभी को कोतवाली लाई है मामले की जांच पड़ताल कर रही है। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि जमीन का विवाद चल रहा है जिसमें थाना दिवस पर प्रार्थना पत्र दिया गया था टीम गठित कर मौके पर भेजा गया था मारपीट की गई है मामले की जांच करा कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# जमीनी रंजिश में जमकर चले लाठी डंडे चाकू, आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

## मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को लेकर आई कोतवाली

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीनी रंजिश को लेकर दो दर्जन से अधिक लोग हमलावर हो गए। मारपीट व तोड़फोड़ के दौरान महिला सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को पट्टी कोतवाली लेकर आई।

कोतवाली क्षेत्र के बरहुपुर गांव के रहने वाले जमील खान का पड़ोसियों से जमीन का विवाद चल रहा है रविवार की दोपहर दो बजे के आस-पास दो दर्जन से अधिक लोग लाठी डंडा व चाकू लेकर हमलावर हो गए और मारने पीटने लगे। मारपीट के दौरान घायल अनवरी वेगम, नूरजहां, फातमा वेगम, आसमीन,जमील खान, मो शकील, शहीद, को मार-पीट कर घायल कर दिए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को कोतवाली लाई। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि मार-पीट की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची थी पुलिस के पहुंचने पर हमलावर भाग निकले थे घायलों को कोतवाली लाया गया है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

# रमाबाई राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने रविवार की सायं में रमाबाई राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय भरसवा, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सरसवा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरसवा का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने रमाबाई राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय भरसवा के निरीक्षण के दौरान एंट्री रजिस्टर का अवलोकन करते हुए गार्ड को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अध्यापकों एवं बच्चियों की संख्या की जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने मेस के निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता को परखा तथा मानक के अनुसार छात्राओं को भोजन प्रदान करने के निर्देश दिए। उनके द्वारा छात्राओं से संवाद कर पढ़ाई की जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि पढ़ाई ठीक प्रकार से कराई जाती है। उन्होंने 12वीं की कुछ छात्राओं से पूछा कि 12वीं के बाद किस क्षेत्र में पढ़ाई करना चाहते हो तथा क्या बनना चाहते हो, इस संबंध में मार्गदर्शन भी दिया। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सरसवा के निरीक्षण के दौरान वार्डन बबीता त्रिपाठी से अध्यापकों एवं विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं की संख्या आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने प्रेरणा पोर्टल पर उपस्थिति की जांच किया। उन्होंने बच्चियों से वार्ता कर पढ़ाई की जानकारी प्राप्त किया तथा बच्चियों से पूछा कि आप क्या बनना चाहते हो, इस संबंध में मार्गदर्शन भी किया। विद्यालय परिसर में साफ सफाई बेहतर पाई गई। उन्होंने कंप्यूटर कक्ष के निरीक्षण के दौरान छात्राओं से कंप्यूटर संचालित भी कराया। वार्डन ने बताया कि आरबीएसके टीम द्वारा छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया है। जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरसवा के निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ की जानकारी प्राप्त करते हुए ओपीडी रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उनके द्वारा माह अगस्त एवं विगत माह जुलाई में हुए प्रसव की जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि विगत माह में कुल 12 रेफर हुए हैं,जिसमें सात माताएं एवं पांच बच्चे शामिल हैं जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ए0एन0एम0 द्वारा इन माताओं का अठउ किया गया था या नहीं, इसकी जांच कराई जाय।

## धोखाधड़ी के आरोपी को गिरफ्तार कर ले गई पटना पुलिस

**कौशाम्बी** धोखाधड़ी के एक आरोपी को बिहार के पटना पुलिस गिरफ्तार करके अपने साथ ले गई है गिरफ्तार आरोपी पर बिहार के पटना के दीदारगंज थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज है लंबे समय से आरोपी की तलाश बिहार पुलिस कर रही थी। जानकारी के मुताबिक संजय कोरी पुत्र राम करन कोरी निवासी सरसवा थाना महेवाघाट के बिरुद्ध बिहार प्रान्त के थाना दीदारगंज पटना में मुकदमा अपराध संख्या 265 सन 2024 में संजय कोरी चोरी धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में अभियुक्त है बिहार पुलिस के उप निरीक्षक कृष्ण राय ने स्थानीय महेवाघाट पुलिस के साथ सरसवा से आरोपी संजय कोरी को गिरफ्तार कर के पटना बिहार ले गयी है।

## सारथी फाउंडेशन के सुपरिटेंडेंट सौरव अग्रहरि ने लोकसभा स्पीकर से की मुलाकात



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सारथी फाउंडेशन के सुपरिटेंडेंट सौरव अग्रहरि ने रविवार को नई दिल्ली में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के आमंत्रण पर उनके आवास पर प्रोजेक्ट डाईरेक्टर रौनक गुप्ता एमडी प्रयाग इन होटल , आकाश श्रीवास्तव उज्वल दुबे के साथ मुलाकात किया। आगामी कुम्भ के कार्यों के बारे में अवगत कराया। प्रयागराज और कौशाम्बी में हो रही विकास योजना के बारे में विस्तार से चर्चा किया। सारथी फाउंडेशन यातायात जागरूकता अभियान चलाता है। लोकसभा स्पीकर ने लोकसभा द्वारा हो रही सामाजिक कल्याण योजना से सारथी फाउंडेशन को जुड़ने को कहा।




## इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल पिपरी में मनाया गया काकोरी एक्शन शताब्दी महोत्सव

**नेवादा कौशाम्बी।** काकोरी एक्शन शताब्दी महोत्सव के अवसर पर प्रधानाध्यापक बिनोद शुक्ला के नेतृत्व मे इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल पिपरी ब्लाक नेवादा में कार्यक्रम मनाया गया सर्वप्रथम अमर बलिदानों के चित्र पर पुष्प अर्चन कर उनके बलिदानों को याद किया प्रधानाध्यापक बिनोद शुक्ला ने कहा कि आज के दिन से शुरू हुआ यह सप्ताह बहुत ही महत्वपूर्ण है 9 अगस्त को दो बड़ी घटनाएं हुई थी पहली घटना काकोरी ट्रेन एक्शन दूसरा आज ही के दिन महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया था काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह से हमे राष्ट्रीय गौरव का बोध होता है। हमारी संस्कृति और परंपरा में स्वाधीनता की आबोहवा का मिश्रण है। हमारी निर्मित में हमारे जनमानस का अहम योगदान होता है। इस कार्यक्रम मे राष्ट्रीयगान नाटक करते हुये छात्र छात्राओं द्वारा प्रभातफेरी निकाल कर गांव व गलियों मे घूम कर लोगों को जागरुक किया। अमर बलदानियों के जीवन गाथा पर प्रकाश डाला गया और लोगों को उनसे सीख लेने की प्रेरणा दी गई है इस अवसर पर सहायक अध्यापिका सलोनी,अलका दीवान,पूजा देवी,जना देवी,रनविजय सिह, आंगनवाड़ी कार्यकत्री सुशीला सेन, प्रीतीमिनी,संगीता,सहयिक रसोईया लक्ष्मी देवी,गौतमी देवी, व अन्य छात्र छात्राएं शिक्षक आदि लोग मौजूद रहे।

# नाबालिग से युवक ने किया रेप, दी जान से मारने की धमकी

## पुलिस ने मामला दर्ज किया

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में 15 वर्षीय नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। युवक ने पहले ब्लैक किया फिर उसके साथ दुष्कर्म की घटना अंजाम दिया। फिर युवक ने किसी से शिकायत करने पर जान से मार देने की धमकियां भी दी। इस डर से लड़की सहम गई। लेकिन युवक आये दिन ब्लैक मेल कर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। माँ की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर तफ़्तीश कर रही है। मामला सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक गांव का हैं। जहा की रहने वाली एक पीड़िता की माँ ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाते हुए बताया कि घर के सामने एक बालू का डंप है। जहा एक युवक झोपड़ी डालकर रात दिन रह कर बालू की रखवाली करता हैं। मेरी बेटी को अपनी बातों में बहला फुसलाकर उसे डंप में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवक आये दिन ब्लैक मेल करते हुए उसके साथ रेप करता रहा। इतना ही नही धमकी देते हुए कहा कि अगर कही भी बताया तो जान से मार देंगे और तुम्हारे परिवार वालो को भी मार देंगे। हमारा कुछ नही कर पाओगी। इस धमकी से नाबालिग लड़की सहमे हुई थी, लेकिन किसी तरह लड़की हिम्मत करते हुए यह बात अपने माँ से बताई तो उनके होश उड़ गए। पीड़िता ने माँ के साथ सराय



अकिल थाना पहुच कर आरोपी युवक के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस आरोपी पर गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तालाश में जुट गई है।मामले में एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सराय अकिल थाना क्षेत्र में एक पीड़िता माँ की तहरीर पर रेप का मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी फरार है उसकी तालाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। अन्य आवश्यक कार्यवाई की जा रही है।

## मुस्लिम युवक ने युवती से एक महीने तक किया रेप

**कड़ा कौशाम्बी।** जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र में एक हिंदू युवती को झांसे में लेकर मुस्लिम युवक द्वारा रेप करने का मामला सामने आया है,मुस्लिम युवक ने युवती से एक महीने तक रेप करता रहा और जब युवती गर्भवती हो गई तो युवक ने अपनी मां के साथ मिलकर उसका गर्भपात करा दिया, इसके लिए जब युवती ने मना किया तो उसे बदनाम करने और जान से मारने की धमकी दे रहा है,पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस से की है,शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस मामलें की जांच में जुट गई है। मामला कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहा की एक युवती ने कड़ा धाम थाना पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि उसे पड़ोस के रहने वाले मुस्लिम युवक फैजान ने शादी के झांसे में लेकर प्यार के जाल में फंसाया और उसके साथ एक महीने तक रेप किया,युवती ने आरोप लगाया कि फैजान ने झांसे में लेकर और जादू टोना कर उसके साथ एक महीने तक रेप किया है।

## न्यूज झरोखा

### ट्रेन से कटकर युवती की दर्दनाक मौत



**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली के धुमाई रेलवे फाटक से पूर्व दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर विद्युत पावर हाउस के सामने डी एफ सी की डाउन लाइन पर एक युवती की ट्रेन से कटकर मौत हो गई युवती की शिनाख्त धुमाई गांव के मजरे मुराइन का पुरवा निवासी रेशमा देवी उम्र 18 वर्ष पुत्री रामराज लोधी के रूप में हुई घटना के बाबत परिजनों ने बताया उनकी पुत्री मानसिक विक्षिप्त थी आज दोपहर करीब 2 बजे घर से निकली है रामराज लोधी परिजनों सहित रेलवे ट्रैक के पास अपने खेतों में बनाए गए छप्पर नुमा आवास में रहते है घटना से परिजनों में कोहराम मचा है । सूचना पर पहुंची पुलिस कागजी कार्रवाई में जुट गई है।

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो डिवाइडर पर जा चढ़ी




**हर्रायपुर कौशाम्बी** सांदीपनघट थाना क्षेत्र के अंतर्गत मूरतगंज चौकी क्षेत्र के मूरतगंज चौराहे पर रविवार की शाम 7:30 बजे अचानक तेज रफ्तार कार डिवाइडर पर चढ़ गई हालांकि किसी चीज का नुकसान नहीं हुआ ना ही किसी के जान माल के नुकसान हुआ मामले की सूचना मूरतगंज चौकी प्रभारी मनोज कुमार तोमर को मिली मौके पर पहुंचकर हमराहियों के साथ कार को बाहर हटवाया

### कोखराज एसओ ने स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए क्षेत्र में किया पैदल गस्त



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज एसओ इन्द्र देव ने पुलिस फोर्स के साथ आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए कोखराज थाना क्षेत्र के चाकवन चौराहे से होकर रास्ते में पैदल गस्त किया इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की स्थिति जानी लोगों से शांतिपूर्वक तरीके पैदल गस्त के दौरान कोखराज कोतवाल ने वाहनों के अभिलेखों की जांच की लोगों को कानून का पाठ पढ़ाया और साथ ही साथ सड़कों पर वाहन न खड़े करने को कहा पुल के नीचे तमाम दुकानदारों को समझाया कि जाम न लगने पाए इसका विशेष ध्यान रखें और लोगों को हिदायत दी है इस दौरान उन्होंने संदिग्ध लोगों की जांच पड़ताल की और उन्हें कठोर चेतावनी दी है पैदल गस्त के दौरान आम जनमानस व्यापारी और दुकानदारों बाजार में आने जाने वाले से वार्ता की कानून व्यवस्था की जानकारी ली और लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

### दबंग ने दलित बालिका को पीटा थाने में शिकायत

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के रैया देह माफी गांव में एक दबंग ने दलित बालिका को केवल इस लिए हाथ पकड़कर जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली गलौज देते हुए मार पीट दिया और घसीट ले जाने की धमकी दिया क्योंकि बालिका के घर पीछे धान के खेत में गलती से बकरी छूटकर चली गई थी । बालिका के पिता राम सूचित पासी पुत्र बंसी लाल पासी ने शिकायती प्रार्थना देकर चरवा थाना प्रभारी को बताया कि उसकी पुत्री ज्योति को गांव के ही रहने वाले मनोज कुमार पटेल पुत्र काशी प्रसाद पटेल ने हाथ पकड़कर मारा पीटा और जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली गलौज दिया और कहा कि अब अगर गलती से भी तेरी बकरी इधर आई तो पकड़कर घसीट ले जाएंगे जब बालिका का पिता राम सूचित घर आया और उसकी पुत्री ज्योति ने आपबीती बताई तो राम सूचित उलहाना देने विपक्षी के घर गया तो उसको गाली गलौज देते हुए अपमानित करके दरवाजे से भागा दिया। तब राम सूचित ने मामले की सूचना चरवा पुलिस को दी है सूचना पाकर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# डीएम के निर्देश के बाद भी नहीं सुधरी सरकारी नलकूप की स्थिति

## डीएम के निर्देश के बाद भी घर बैठकर 363 नलकूप का निरीक्षण कर गए नलकूप अधिशासी अभियंता

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नलकूप की दुर्दशा की शिकायत मिलने के बाद जिला अधिकारी ने संपूर्ण नलकूप के निरीक्षण कर व्यवस्था सुधारने जाने का निर्देश नलकूप के अधिशासी अभियंता को दिया था लेकिन जिला अधिकारी के निर्देश के बाद भी नलकूप विभाग के अधिशासी अभियंता अपने कार्यों में सुधार नहीं कर सके घर बैठे रिपोर्ट बना करके जिला अधिकारी को सूचित कर दिया कि नलकूप का निरीक्षण कर लिया सभी नलकूप सही पाए गए हैं जो कमी थी उसे सुधार का निर्देश दिया है जबकि हकीकत यह है कि 80 प्रतिशत से अधिक नलकूप के ऑपरेटर महीना बीत जाने के बाद नलकूप तक नहीं पहुंचते हैं गांव के खास लोगों को नलकूप चलाने की जिम्मेदारी दे दी गई है नलकूप के कमरे की चाबी गांव के एक विशेष किसान के हाथ में देकर नलकूप के ऑपरेटर आराम फरमाते हैं जिसे चाबी दी जाती है वह किसानों से सिंचाई का शुल्क वसूली करता है इस बात की जानकारी अधिशासी अभियंता नलकूप को बखूबी है नलकूप ऑपरेटर के घर में आराम करने के पीछे अधिषासी अभियंता का क्या निजी स्वार्थ छिपा है यह तो जांच का विषय है लेकिन हकीकत यही है कि 80 प्रतिशत नलकूप में ऑपरेटर मौजूद नहीं रहते जिसे जिम्मेदारी दी जाती है वह गांव में अपने व्यक्तिगत राजनीतिक मुद्दे को देखकर किसानों के खेतों को पानी देता है जिसके चलते तमाम किसानों की फसल तक पानी नहीं पहुंच पाता और किसानों की फसल सूख जाती है हकीकत देखकर नलकूप ऑपरेटर पर कार्यवाही कर जिला अधिकारी को सच्चाई से अवगत कराने के बजाय एक बार फिर अधिषासी अभियंता नलकूप ने झूठी सूचना के आधार पर जिला अधिकारी को गुमराह करने का प्रयास किया है अधिशासी अभियंता के इस कारनामा पर सवाल खड़े हो गए हैं यदि नलकूप की हकीकत के बारे में गांव के किसानों से जांच कर उनके बयान दर्ज कराए जाए तो नलकूप के अधिशासी अभियंता के कारनामों का खुलासा होगा और उन पर कार्यवाही होना तय है।

# कर्बला के शहीदों की याद में करारी में निकाला गया 72 ताबूत का जुलूस

## अजादारो ने ताबूतो की जियारत कर पुरसा दिया

अखंड भार संदेश




**कौशाम्बी।** जिले के करारी कस्बे में रविवार को 72 ताबूत का जुलूस या हुसैन की सदाओ के बीच निकाला गया। मौलाना ने 72 शहीदों का जिक्र किया तो अजादारों की आंखें नम हो गई। कर्बला के 72 शहीदों के ताबूतो की जियारत कर अजारो ने पुरसा दिया। ताबूतों की जियारत करने बड़ी संख्या में औरतें और बच्चे करारी कर्बला पहुंचे थे। 72 ताबूत की मजलिस की शुरूआत पवित्र कुरआन पाक की तिलावत से की गई। कुरानख्वानी जवाद रिजवी ने की। इसके बाद मिनजानिब अत्फाले हुसैनी जेरे निगरानी एदारा ए इस्लाम की ओर से दोपहर करीब साढ़े 12 बजे कर्बला मैदान में 72 शहीदों की याद में बहत्तर ताबूत जुलूस पूरी अकीदत व एहतराम के साथ निकाला गया। नजीरुल हसन व एहसान हैदर ने सोजख्वानी की। और पेशख़्वानी मंजर सुहेल ने किया। मजलिश शहाब सलमान रिजवी ने की। ताबूत के बरामदगी की नेकाबत जमीर हैदर रिजवी ने की। इस तकरीर के दौरान कर्बला में 72 शहीदों की याद में एक-एक कर उनके ताबूत बरामद किए गए। ताबूत की जेयरत कर अजादारों की आंखों में अश्क आ गए। जुलूस के दौरान अंजुमने अत्तफाले हुसैनी ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की।

# मौजूदा पशुओं के आंकड़े से दो गुना संख्या दिखाकर हड़पी जा रही है सरकार की रकम

## गौसंरक्षण केंद्रों के संचालन में लगे केयर टेकरो के जरिए पशु चिकित्सकों की साठगांठ होती और पशु चिकित्सको की साठगांठ से मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तक सब कुछ संभव है

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** गौसंरक्षण केंद्र के संचालन से जुड़े लोगों के शातिराना दिमाग के चलते इस योजना को बड़ा पलीता लगाया जा रहा है गौसंरक्षण केंद्रों में मौके पर मौजूद पशुओं की संख्या से लगभग दो गुना आंकड़ा दिखाकर उनके चारा भूसा दाना पानी रखरखाव और व्यवस्था के नाम पर दो गुना बजट सरकार से प्रत्येक महीने जिम्मेदारों की मूक सहमति से निकाला जा रहा है जबकि गौसंरक्षण केंद्रों की हकीकत यह है कि पूरे जिले के गौसंरक्षण केंद्रों में मौजूद पशुओं के वास्तविक संख्या और चारा पानी भूसा निकालने के लिए रजिस्टर में दर्ज पशुओं की जनसंख्या में भारी अंतर है सब कुछ विभागीय अधिकारियों के मौन स्वीकृति के बाद हो रहा है गौसंरक्षण केंद्र में पशुओं के संख्या में भारी हेरा फेरी कर करोड़ों रुपए की रकम सरकार के खजाने से निकालकर बेखौफ तरीके से बंदर बांट हो रहा है गौसंरक्षण केंद्रों के संचालन में लगे केयर टेकरो के जरिए पशु चिकित्सकों की साठगांठ होती और पशु चिकित्सको की साठगांठ से मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तक सब कुछ संभव हो रहा है विभाग के अधिकारियों से लेकर गौसंरक्षण केंद्र के संचालन में लगे लोग इस हेरा फेरी में पूरी तरह से साजिश के हिस्सेदार हैं लेकिन सवाल उठता है कि गौसंरक्षण केंद्रों में बड़े पैमाने पर हो रही इस हेरा फेरी के इस मामले में जांच कौन कराएगा और दोषियों की हकीकत उजागर कर उन पर कार्यवाही कौन करेगा गौसंरक्षण केंद्र के संचालन में धांधली के बाबत मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन काफी प्रयास के बाद उनके कार्यालय में मौजूद न रहने के चलते उनसे बात नहीं हो सकी।

### निर्माण में हुई थी बड़ी धांधली

**कौशांबी।** गौसंरक्षण केंद्र संचालन के लिए गौशाला का निर्माण कराया गया है कई गौशाला के निर्माण में तो सरकारी खजाने से करोड़ों रुपए की रकम खर्च की गई है लेकिन मानक विहीन गुणवत्ता विहीन बनाए गए गौशाला जर्जर हो चुके हैं गौशाला के निर्माण में लगाए गए ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों के साठगांठ के चलते गौशाला मानक के अनुसार नहीं बन सके हैं और वर्तमान में कई गौशाला की स्थिति बेहद खराब है गौशाला निर्माण के प्रकरण के शासन स्तर से यदि जांच हुई तो कई मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी और पशु चिकित्सा अधिकारियों पर कार्यवाही होना तय है।



## पइंसा पुलिस ने शहीदों के स्मारक पर अर्पित किया श्रद्धा सुमन

**कौशाम्बी।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अवसर पर थाना मोहब्बत पुर पइंसा पुलिस द्वारा शहीदों के स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर सलामी दी गयी व पुलिस बैण्ड पार्टी द्वारा राष्ट्रीय गीतों का वादन कर उनकी शहादत को याद किया गया तथा शहीदों के परिजनों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत शहीद स्व0 अजीत कुमार शुक्ला पुत्र राधा कृष्ण शुक्ला निवासी ग्राम उदहिन बुजुर्ग एवं शहीद स्व0 नरेन्द्र दिवाकर पुत्र लल्लू दिवाकर निवासी राम सहायपुर के शहीद स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर सलामी दी गयी व पुलिस बैंड पार्टी द्वारा झण्डा गीत व राष्टीय गीतों का वादन किया गया एवं उनकी शहादत को याद किया गया। तत्पश्चात शहीदों के परिजनों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस पावन अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स कौशाम्बी/थाना मोहब्बतपुर पइंसा के अधि0/कर्मचारी, शहीद हुए कर्मियों के परिवारीजन व आमजनमानस के लोग भी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

### पड़ोसी देशों में हमारा एकमात्र सच्चा मित्र शासन भी खत्म हो गया

**निश्चित** रूप से बांग्लादेश में तख्तापलट का भारत पर असर होगा। हमारी सीमा ही चार हजार किलोमीटर से ज्यादा बड़ी है। फौजी और मजहबी रूप से ज्यादा कट्टर सत्ता होने से बांग्लादेश से घुसपैठ और शरणार्थियों का रेला आ सकता है। आंदोलन की सूत्रधार जमाते इस्लामी तो खुलेआम पाकिस्तान समर्थक है और वह बांग्लादेश बनने का विरोधी भी है। इस आंदोलन को भी आई एस आई के समर्थन की बात कही जा रही थी।

बांग्लादेश में तख्तापलट के साथ ही भारत के पड़ोसी देशों में हमारा एकमात्र सच्चा मित्र शासन भी खत्म हो गया है। नया शासन अनिवार्यतः हमारा बैरी हो यह जरूरी नहीं है लेकिन राजनैतिक अस्थिरता, फौजी दखल और कई स्पष्ट भारत विरोधी राजनैतिक ताकतों के बीच किस किस्म का संतुलन बांग्लादेश में बनाता है और वह भारत से किस तरह का संबंध रखता है यह आने वाले वक्त में तय होगा। यह हमारी कूटनीति की परीक्षा भी है। मालदीव में एकदम भारत विरोधी शासन को बहुत जल्दी अपने रुख में 180 डिग्री का बदलाव करना पड़ा पर वह बहुत छोटा देश है और भारत पर उसकी निर्भरता कहीं अधिक है। नेपाल में भी ओली सरकार को नहीं पर खुद प्रधानमंत्री ओली और उनकी पार्टी का रुख चीन समर्थक है। पाकिस्तान की बात ही क्या है। श्रीलंका की सरकार भी भारत के बहुत पक्ष की नहीं है। अफगानिस्तान और चीन के अपने किस्से बहुत हैं। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि भारत चारों ओर से जिन देशों से घिरा है वहां की सरकारें भारत समर्थक नहीं हैं और इनसे रिश्ता रखते हुए भारत को फूंक-फूंक कर कदम बढ़ाने होंगे। बांग्लादेश की सत्ता छोड़ने और देश छोड़ने को मजबूर हुई शेख हसीना के साथ ऐसा नहीं था। उनके पंद्रह साल लंबे शासन में भारत बांग्लादेश की तरफ से काफी निश्चिंत रहा है। भारत के काफी उद्यमियों ने बांग्लादेश के सस्ते श्रम के लोभ में अपने उत्पादन का केंद्र वहां भी बना रखा था। चीन भी बांग्लादेश के समुद्री लोकेशन और सस्ते श्रम को लेकर उसके आसपास मंडराता रहा है। और जब एकतरफा बांग्लादेश चुनाव में शेख हसीना की पार्टी को 300 में से 288 सीटों पर विजेता घोषित किया गया था तब उनकी सरकार को विश्वसनीयता का संकट था। उस समय भी चीन ने आगे बढ़कर उनका समर्थन किया था और उनकी सांस लौटी थी। लेकिन इसके बावजूद हसीना ने चीन के दबाव में तीस्ता को लेकर ऐसा समझौता नहीं किया जो भारत के हितों के खिलाफ होता। हसीना के शासन में पंद्रह साल में बांग्लादेश ने अच्छी आर्थिक तरक्की की थी और आज बांग्लादेश और वियतनाम जैसे मुल्कों पर दुनिया की नजर है। कई पैरामीटर पर बांग्लादेश भारत से बेहतर स्थिति में है। बाहर से काफी पूंजी बांग्लादेश में लगी है और हमारे हजारों बच्चों समेत इस पूरे क्षेत्र के बच्चे यहां के विश्वविद्यालयों और मेडिकल-इंजीनियरिंग कालेजों में पढ़ाई कर रहे हैं।

# पौष्टिक भोजन जरूरी अच्छी सेहत के लिए

– बाबा मायाराम

**मेडागास्कर** पद्धति की खास बात यह है कि इसमें बीज कम लगता है, पानी कम लगता है और उत्पादन अधिक होता है। हाथ से चलाने वाले बीडर से निंदाई की जा सकती है। इस पद्धति में खेत में पानी भरकर रखना जरूरी नहीं है। खेत में पानी नहीं रहने पर मिट्टी में वायु संचार होता है जिससे पौधा स्वस्थ और मजबूत होता है। फलस्वरूप पौधे में ज्यादा कंसा निकलते हैं और बालियां भी अधिक लगती हैं। यानी उत्पादन ज्यादा होता है। इस पद्धति को अफ्रीकी देश मेडागास्कर में ईजाद किया गया था।

हाल ही में मेरा छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के गनियारी कस्बे में जाना हुआ। वहां स्वास्थ्य का अनूठा काम हो रहा है। यह न केवल इलाज व दवाओं से संभव है, बल्कि अच्छी सेहत के लिए अच्छा भोजन भी जरूरी है। इसके लिए जैविक खेती पर भी जोर दिया जा रहा है। आज के इस कॉलम में इस पर चर्चा करना उचित होगा।

गनियारी के जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था है। इस संस्था का काम वर्ष 1999 में इस जिले में स्वास्थ्य पर शुरू हुआ। देश की मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं की हालत से चिंतित दिल्ली के कुछ मेधावी डाक्टरों ने इसकी शुरूआत की थी। इस संस्था ने एक अध्ययन के दौरान यह पाया कि ज्यादातर बीमारियों का संबंध कुपोषण से है, तबसे संस्था ने अपना कृषि कार्यक्रम शुरू किया।

जन स्वास्थ्य सहयोग ने उनकी एक डेढ़ एकड़ की भाटा (कमजोर) जमीन पर बिना रासायनिक वाली जैविक खेती शुरूआत की, जो अब साढ़े चार एकड़ में फैल चुकी है। यहां धान की 450 किस्में संग्रहीत हैं जिनमें 65 सुगंधित, 30 लाल चावल वाली, 40 जल्द पकने वाली, 2 किस्में काले चावल की। और बाकी 110-115 दिन की मध्यम अवधि में पकने वाली किस्में हैं। इसके अलावा, मड़िया की 6, कांग 2, ज्वार 1, मक्का 2 और अरहर की 9 किस्में हैं। चना, अलसी, कुसुम, मटर, भिंडी, उड़द आदि देशी किस्में भी हैं।

रंग-बिरंगे देशी बीज न केवल सौंदर्य से भरपूर हैं बल्कि स्वाद में भी बेजोड़ हैं। औषधि गुणों से सम्पन्न हैं और स्थानीय मिट्टी पानी और हवा के अनुकूल हैं। आखिर मनुष्य ने ही जंगलों से तरह-तरह की फसलों के गुणधर्मों की पहचान कर खेतों में उन्हें उगाया है। इसी के परिणामस्वरूप आज हम बीजों के मामले में समृद्ध हैं।

गनियारी में एक-दो डिसमिल की छोटी-छोटी क्यारियों में देशी धान का प्रयोग करीब डेढ़ दशक से चल रहा है। मैं कई बार इस फार्म को देख चुका हूं और इसके प्रमुख कार्यकर्ता होम प्रकाश से चर्चा की है। होम प्रकाश ने बताया कि धान की कई किस्में हैं जिनमें हरून धान 70 से 100 दिन वाली, मध्यम 100 से 120 दिन वाली और गहरून 120 से 145 दिन वाली हैं। जो अलग-अलग किस्म की मिट्टी वाली जमीन में होती हैं। उन्होंने बताया कि धान की नई मेडागास्कर पद्धति के प्रयोग हमने देशी धान बीजों से किए जिसमें उत्पादन औसत धान से दोगुना तक पाया गया। यहां जैविक तरीके से देशी धान (मोटा) 25 से 30 क्विंटल प्रति एकड़ और सुगंधित धान 20-25 क्विंटल प्रति एक-ड़ तक उत्पादन पाया गया है।

मेडागास्कर पद्धति की खास बात यह है कि इसमें बीज कम लगता है, पानी कम लगता है और उत्पादन अधिक होता है। हाथ से चलाने वाले बीडर से निंदाई की जा सकती है। इस पद्धति में खेत में पानी भरकर रखना जरूरी नहीं है। खेत में पानी नहीं रहने पर मिट्टी में वायु संचार होता है जिससे पौधा स्वस्थ और मजबूत होता है। फलस्वरूप पौधे में ज्यादा कंसा निकलते हैं और बालियां भी अधिक लगती हैं। यानी उत्पादन ज्यादा होता है। इस पद्धति को अफ्रीकी देश मेडागास्कर में ईजाद किया गया था।

वे आगे बताते हैं कि यह अरहर उत्तरप्रदेश से आई है, मडिया बस्तर से। कुसुम से तेल निकलता है और काबुली चना का दाना बड़ा होता है। धान की कई किस्में सुगंधित हैं और कई बिना पानी वाली। मुंगलानी (राजगिर) पौष्टिक होता है और ज्वार की रोटी हाजमे के लिए बहुत अच्छी मानी जाती है।



हाल ही में उन्होंने पानी की कमी को देखते हुए एक दिन में कुआं खोद डाला और जब पानी हो गया तो गाय खरीद ली। उनके खेत में थोड़ा ढलान है और आसपास तालाब भी है, इसलिए पानी बहुत उथले में निकल आता है। कुछ समय पहले गोबर गैस प्लांट भी लगाया है। यह बहुत छोटा है, और घ? की गाय के गोबर से ही चलता है। इससे बल्ब और रसोई गैस की जरूरत भी पूरी हो जाती है।

मैंने यहां घूमते-घूमते एक नजर खेत पर डाली। मेड़ पर अरहर के पौधे लहलहा रहे थे। बेर के पेड़ों के नीचे बच्चे खेल रहे थे। एक खेत में सब्जियां लगी थीं। मूली, भटा, टमाटर, धनिया, मिर्ची, बरबटी, प्याज और भिंडी।

होमप्रकाश बताते हैं कि खेती के लिए जमीन का स्वास्थ्य भी सुधारना जरूरी है। रासायनिक खेती के कारण जमीन की उर्वरा शक्ति कमजोर होती जा रही है और उर्वर बनाने वाले सूक्ष्म जीवाणु खत्म होते जा रहे हैं। बेजा रासायनिक खाद के इस्तेमाल से जमीन सख्त होती जा रही है। भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिए मिश्रित फसलों को खेतों में बोया जाता है। यह परंपरागत तरीका है।

इसके अलावा, हरी खाद ढनढनी, सन, सोल, चरौरा को भी बोकर फिर मिट्टी में सड़ा दिया जाता है, जिससे जमीन उत्तरोत्तर उर्वर बनती जाती है। उन्होंने बताया कि इस भाटा कमजोर जमीन को हरी खाद से ही उर्वर बनाया है।

कोटा के पास फुलवारीपारा नामक गांव में डबरी निर्माण का काम किया गया है, जिससे आदिवासी किसान सब्जी बाड़ी लगाते हैं। और खुद भी हरी सब्जी खाते हैं और अतिरिक्त होने पर बेचते भी हैं, जिससे उनकी आमदनी हो जाती है।

सामुदायिक कृषि कार्यक्रम के महेश शर्मा ने बताया कि अब हमारा यह प्रयोग न केवल गनियारी में बल्कि कई गांवों में फैल चुका है।

किसान कार्यकर्ता भुवन सिंह ने बताया कि धान की रासायनिक खेती में प्रति एकड़ 5-6 हजार रूपए लागत आती है और जैविक खेती में एक से डेढ़ हजार रूपए।जबकि उत्पादन दोगुना मिलता है। अगर मेड़ पर पौधे लगाएं तो इससे हमें लकड़ी, फल, शुद्ध हवा, और जमीन को पानी सब कुछ मिलेंगे।

इस संस्था का एक पशु स्वास्थ्य कार्यक्रम भी चल रहा है। इसमें गांव के ही कार्यकताओं को प्रशिक्षित कर मवेशियों का टीकाकरण और छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज किया जाता है। दवाओं भी स्थानीय जड़ी-बूटियों से बनाई जाती हैं। कुछ दवाएं जरूरत पड़ने पर खरीदी भी जाती हैं।

संस्था की इस पहल से पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर होता है, और लोगों की आमदनी में भी इजाफा होता है।

खेती और पशुपालन का अटूट रिश्ता है। छत्तीसगढ़ में पशुपालन की बहुत ही अच्छी परंपरा है। खेती और पशुओं के साथ कई तीज-त्यौहार जुड़े हैं। पोला बैलों का त्यौहार है। इस दिन उनकी पूजा होता है। अक्ति त्यौहार भी खेती से जुड़ा है। दीपावली और होली भी।

लेकिन आधुनिक व रासायनिक खेती के कारण यह बरसों पुरानी परंपराएं कमजोर हो रही हैं। खेत व बैल का रिश्ता भी टूट रहा है। इसका नतीजा हो रहा है कि मवेशी सड़कों पर घूम रहे हैं।

पिछले कुछ सालों से न केवल छत्तीसगढ़ में बल्कि देश भर में जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, परंपरागत खेती का चलन बढ़ रहा है।

इसमें देशी बीज, गोबर खाद, केंचुआ खाद, जैव कीटनाशक का इस्तेमाल किया जाता है। क्योंकि रासायनिक खेती के दुष्परिणाम स्पष्ट रूप से सामने आ गए हैं। इसलिए किसानों का भी रूझान इस ओर बढ़ रहा है।

छत्तीसगढ़ की यह पहल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले कुछ सालों से यहां सघन धान की खेती को बढ़ावा मिल रहा है। अन्य मिश्रित फसलें पीछे छूट रही हैं। जबकि मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिए मिश्रित फसलों का होना जरूरी है। जबकि रासायनिक खेती में मिट्टी और पानी जैसे महत्वपूर्ण संसाधनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। और यह खेती स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर डालती है।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि यह प्रयोग अनूठा है, छत्तीसगढ़ में एक मौन क्रांति की तरह है जो सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय है। अच्छी सेहत के लिए अच्छा भोजन जरूरी है। और स्वस्थ भोजन के लिए जैविक खेती, जो देशी बीजों, गोबर खाद व हल-बैल की खेती से होती है, वह जरूरी है। इस तरह की खेती से मिट्टी, पानी और पर्यावरण के संरक्षण के साथ छत्तीसगढ़ की ग्रामीण संस्कृति भी बचेगी। जैव विविधता के साथ आजीविका का भी संरक्षण होगा।

# भारत से विभाजित होकर इस्लाम के आधार पर पाकिस्तान का निर्माण हुआ

– प्रो. रविकांत

**भारत से वि**भाजित होकर इस्लाम के आधार पर पाकिस्तान का निर्माण हुआ। पाकिस्तान बनने के बाद भारत में रह रहे मुसलमानों पर तमाम आक्षेप लगने लगे। बंटवारे के बाद आरएसएस की ताकत अचानक बढ़ती चली गई। पाकिस्तान से आने वाले हिंदू और सिखों को आरएसएस ने भड़काया। अपनों को खोने और घर-खेत छूट जाने के जख्मों को कुरेदकर उनको मुसलमानों पर हमला करने के लिए उकसाया गया। हमलों से डर के कारण दिल्ली के मुसलमानों ने लाल किले में शरण ली।

वीडी. सावरकर ने अपनी किताब 'हिंदुत्व हू इज हिंदू' (1923) में हिंदुत्व के तीन लक्षण बताए हैं- एक राष्ट्र, एक जाति और एक संस्कृति। उनकी नजर में हिन्दू वही है जो 'हिन्दुस्थान' को पितृभूमि ही नहीं पुण्यभूमि भी मानता हो। हिंदुत्व के विचारक सावरकर ने मुसलमानों, ईसाइयों और कम्युनिस्टों को हिंदुत्व का दुश्मन करार दिया। सावरकर द्विराष्ट्रवाद के पहले सिद्धांतकार भी हैं। सावरकर ने 30 सितम्बर 1937 को हिन्दू महासभा के अध्यक्षीय भाषण में कहा कि 'एक प्रमुख राष्ट्र में दो राष्ट्र हैं 'भारत में हिन्दू और मुस्लिम'। इसके एक साल बाद 1938 में उन्होंने कहा कि भारत में हिंदू राष्ट्र है और मुस्लिम एक अल्पसंख्यक समुदाय है।

सावरकर का विचार देश विभाजन ना होकर मुसलमानों को हिंदुओं के अधीन रखने का था। दरअसल, इसी विचार ने विभाजन की बुनियाद पैदा की। सावरकर के अनुसार भारत हिंदुओं का देश है। सावरकर ने अपने पितृभूमि और पुण्यभूमि वाले विचार से बौद्ध, जैन और सिक्खों को हिंदुओं के भीतर समेट लिया था। वस्तुतः, सावरकर बौद्ध, जैन और सिख धर्म को हिन्दू धर्म के सम्प्रदाय मानते हैं, स्वतंत्र धर्म नहीं। इसके अलावा मुसलमान सहित सभी धर्म भारत में अल्पसंख्यक बनकर रहेंगे। यानि उन्हें समान अधिकार नहीं मिलेंगे। इसी वजह से मुसलमानों के मन में भय और पहचान का संकट पैदा हुआ। मोहम्मद अली जिन्ना ने सावरकर के द्विराष्ट्रवाद सिद्धांत के आधार पर हिंदुओं और मुसलमानों को दो अलग कौमें मानते हुए एक स्वतंत्र राष्ट्र की मांग की। परिणामस्वरूप, देश का विभाजन हुआ।

भारत से विभाजित होकर इस्लाम के आधार पर पाकिस्तान का निर्माण हुआ। पाकिस्तान बनने के बाद भारत में रह रहे मुसलमानों पर तमाम आक्षेप लगने लगे। बंटवारे के बाद आरएसएस की ताकत अचानक बढ़ती चली गई। पाकिस्तान से आने वाले हिंदू और सिखों को आरएसएस ने भड़काया। अपनों को खोने और घर-खेत छूट जाने के जख्मों को कुरेदकर उनको मुसलमानों पर हमला करने के लिए उकसाया गया। हमलों से डर के कारण दिल्ली के मुसलमानों ने लाल किले में शरण ली। लेकिन जवाहरलाल नेहरू भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाने के लिए संकल्पबद्ध थे। 1951-52 का पहला चुनाव नेहरू ने भारत को 'पाकिस्तान नहीं बनने देने' के मुद्दे पर लड़ा और बड़ी जीत हासिल की। अल्पसंख्यकों में विश्वास और उचित साझेदारी की भावना पैदा करने के लिए नेहरू ने 29 सितम्बर 1953 और 15 जून 1954 को भेजे गए अपने पत्रों में मुख्यमंत्रियों को संबोधित करते हुए लिखा, 'अगर भारत को एक धर्मनिरपेक्ष, स्थाई और मजबूत राष्ट्र बनाना है तो हमारा पहला काम यह होना चाहिए कि हम अपने अल्पसंख्यकों को बिना भेदभाव के उनका उचित हिस्सा प्रदान करें और इस तरह से उन्हें भारत में पूर्ण रूप से पारिवारिक एहसास दिलाएं।



विभाजन के समय सांप्रदायिक दंगों को लेकर गांधीजी बेहद चिंतित थे। सीमा-सरहद के इलाकों में हो रहे भीषण नरसंहार को रोकने के लिए गांधी लगातार सक्रिय थे। 15 अगस्त 1947 को जब देश आजादी का जश्न मना रहा था, गांधीजी नोआखली (बंगाल) में मुस्लिम हमलावरों के सामने अपनी जान हथेली पर लेकर अहिंसा और सद्भाव के लिए संघर्षरत थे। नोआखली के मुस्लिम हमलावरों ने गांधी के पैरों पर अपने हथियार डाल दिए और माफी मांगी। लेकिन एक कट्टरपंथी हिंदू ने 78 साल के बूढ़े गांधी के पैर छूकर उनके सीने में तीन गोलियां उतार दीं। गांधी की हत्या के कारण कुछ समय के लिए आरएसएस पृष्ठभूमि में चला गया। लेकिन नेहरू इन ताकतों को बखूबी समझते थे। 1959 में भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि 'ध्यान रखिए, भारत को खतरा साम्यवाद से नहीं है, बल्कि हिन्दू दक्षिणपंथी साम्प्रदायिकता से है।' 1960 के दशक में पुनः सांप्रदायिक दंगे शुरू हो गए। 1980 के दशक में शुरू हुए राम मंदिर आंदोलन ने मुसलमानों के खिलाफ नफरत का गुबार पैदा किया।

राममंदिर आंदोलन में खुलेआम साम्प्रदायिकता फैलाई गई। 6 दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद को गिरा दिया गया। इसके बाद देशभर में सांप्रदायिक दंगे हुए, जिनमें हजारों लोग मारे गए। मरने वालों में अधिकांश मुसलमान थे। पॉल रिचर्ड ब्रॉस ने भारत में सांप्रदायिक हिंसा पर गहन अध्ययन किया है। 2004 में उनकी किताब प्रकाशित हुई, जिसका शीर्षक है- 'द प्रोडक्शन आफ हिंदू-मुस्लिम वायलेंस इन कंटेंपरेरी इंडिया'। पॉल ब्रॉस का कहना है कि भारत में 'दंगे भड़काने की एक संस्थागत प्रणाली है'। तीन चरणों में दंगा भड़काने की कार्रवाई की जाती है। पॉल ब्रॉस का निष्कर्ष है कि चुनाव दर चुनाव साम्प्रदायिक दंगों का फायदा दक्षिणपंथी भाजपा को हुआ। साम्प्रदायिक दंगों के कारण मुसलमान बहुत असुरक्षित महसूस करने लगे। 1990 का दशक अल्पसंख्यकों के दमन का काल है। इस दशक में ईसाई अल्पसंख्यकों पर भी अत्याचार बढ़े। ईसाइयों को धर्मांतरण के लिए कटघरे में खड़ा किया गया।

1990 के दशक में सैकड़ों सांप्रदायिक दंगे हुए। इस दशक में विश्व हिंदू परिषद ने जोर शोर से 'घर वापसी' अभियान चलाया। सन 2000 के बाद दंगों की जगह सामूहिक नरसंहार ने ले ली। 2002 में गोधरा ट्रेन आगजनी के बाद गुजरात में बड़े पैमाने पर मुसलमानों का नरसंहार हुआ। भाजपा शासित राज्यों में हिंसा की यह नई शैली विकसित हुई। इतना ही नहीं सीमा पार के आतंकवाद की आड़ में प्रज्ञा सिंह ठाकुर, स्वामी असीमानंद, कर्नल पुरोहित जैसे हिंदुत्ववादियों पर आतंकवादी हमला करने के आरोप हैं। इन हमलों का मकसद मुसलमानों को बदनाम करना और उनको क्षति पहुंचाना था। समझौता एक्सप्रेस और मालेगांव जैसे हमलों में ज्यादातर मुस्लिम मारे गए।

2014 में केंद्र में भाजपा सरकार आने के बाद हिंदुत्ववादी संगठनों की बाढ़ आ गई। गाय के नाम पर मुसलमानों और दलितों की लिंचिंग की गई। लव जिहाद, लैंड जिहाद, कोरोना जिहाद जैसे शब्दों के जरिए मुसलमानों का पैशाचीकरण किया गया। ईसाई चर्चों पर हमले हुए।

ननों के साथ बलात्कार की घटनाएं सामने आईं। सरेआम मुसलमानों का नरसंहार करने की मुनादी की जाने लगी। मुस्लिम महिलाओं के बलात्कारियों का स्वागत किया गया। मुस्लिम महिलाओं को अपमानित करने के लिए सुल्ली-बुल्ली ऐप बनाए गए। अल्पसंख्यकों के साथ खड़े होने वाले बुद्धिजीवियों को प्रताड़ित किया गया। मुसलमानों को पाकिस्तानी और आतंकवादी कहना आम बात हो गई। नफरती और हिंसक गिरोहों को कानून का कोई डर नहीं रहा। सत्ता उनके साथ खड़ी नजर आने लगी। इस बीच सीएए के जरिए मुसलमान को दोयम दर्जे का नागरिक बनाने की कोशिश हुई।

सावरकर का हिंदुत्ववादी एजेंडा देश पर थोपने के लिए बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के संविधान को हटाने की मुहिम छेड़ दी गई। 2024 के लोकसभा चुनाव में 'अबकी बार 400 पार' के नारे के साथ संविधान बदलने का एजेंडा बनाया गया। अल्पसंख्यकों को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाना इसका लक्ष्य हो गया। लेकिन अंबेडकर और गांधी, नेहरू के विचारों और मूल्यों पर चलने वाले दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों ने भाजपा को झटका दिया। इस चुनाव में देश के लोगों ने बता दिया कि अल्पसंख्यकों और दलितों-आदिवासियों को गुलाम बनाने की साजिश नहीं चलेगी। जिस राममन्दिर के नाम पर पिछले तीन दशक से मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है, उस अयोध्या में भाजपा की हार हिंदुत्व की पूरी राजनीति की पराजय बन गई।

# नौकरियों के पारिस्थितिकीय यथार्थ को समझना होगा

– प्रो. सुनील रे

**एकमात्र** उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नीचे से ऊपर तक विकसित करके राज्य की अर्थव्यवस्था को विकसित करना है। इसके लिए एकमात्र रास्ता है सामूहिक उद्यमशीलता संरचना के निर्माण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में कई कम पूंजी आधारित गतिविधियों के विकास के आधार पर ग्रामीण युवाओं के लिए स्थायी रोजगार और आय का सृजन।

आज भारत के सामने विकास की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है, लाखों बेरोजगारों को अच्छी नौकरियां मुहैया कराना, खास तौर पर ग्रामीण भारत में। यह भी स्पष्ट है कि कॉर्पोरेट पूंजी के बड़े निवेश पर निर्भर 'ट्रिकल डाउन' अर्थव्यवस्था में अडिग विश्वास के साथ 'सामान्य रूप से व्यवसाय' प्रतिमान इन नौकरियों को बनाने में विफल रहा है। इसका मुख्य कारण यह है कि कॉर्पोरेट पूंजी की रोजगार लोच बहुत कम है, जबकि नौकरियों की मांग बहुत तेज गति से बढ़ रही है। कई कारणों से निजी पूंजी का निवेश नहीं हो रहा है, जिसमें एक तरफ घरेलू बाजार के आकार के विस्तार की कमी की ओर इशारा करने वाले संरचनात्मक मुद्दे शामिल हैं, जिसके परिणामस्वरूप वस्तुओं और सेवाओं की निरंतर कम खपत मांग है, तो दूसरी तरफ नीति के प्रति निजी क्षेत्र की दुविधा और भारत की विकास गाथा के प्रति संदिग्ध प्रतिबद्धता है।

सार्वजनिक क्षेत्र भी पर्याप्त नौकरियां नहीं बना सकता। भले ही सभी पीएसयू और सरकारी रिक्तियों को भर दिया जाए, लेकिन नौकरी की समस्या का समाधान कहीं नहीं है।

यह और भी गंभीर होने वाली है, विशेष कर ग्रामीण भारत में, जहां बार-बार सूखा और बाढ़ आती रहती है, और इसलिए कृषि क्षेत्र अनिश्चित प्रदर्शन वाला बना हुआ है।

शिक्षित बेरोजगारों को समग्र रूप से देखते हुए नौकरियों की चुनौती को अलग रंग में देखा जा सकता है, विशेष रूप से देश के ग्रामीण इलाकों में फैले लोगों को। ये युवा अब अक्सर कम पेशेवर इनपुट के साथ अजीबोगरीब स्थिति में स्थानीय नौकरियों में आंशिक रूप से स्व-नियोजित हैं, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, कम पूंजी वाले उद्यमशीलता उपक्रमों का समर्थन करने और परिदृश्य को बदलने के लिए नए रास्ते खोल सकते हैं। यह कम पूंजी आधारित लेकिन कुशल स्थानीय विकास प्रक्रिया की क्षमता है। यह प्रक्रिया तथाकथित 'आला संरचना' को देखकर सामूहिक उद्यमशीलता संरचना जैसे नए मॉडल के माध्यम से रोजगार सृजन के वैकल्पिक तरीके की मांग करती है।

आला संरचना मूल रूप से एक पारिस्थितिक सिक्का है जो प्रजातियों के सह-अस्तित्व को समझाने के प्रयासों के हिस्से के रूप में आया था। सिद्धांत रूप में, एक-दूसरे को बाहर करने की उनकी प्रवृत्ति के बावजूदः आला संरचना में अंतर सह-अस्तित्व को स्थिर करने वाले कारकों के रूप में कार्य करते हैं। प्रजातियां अपने आप में आला संरचना बनाकर पर्यावरण को बदल सकती हैं और ऐसा कर-के, उक्त प्रजाति अपने आप विकसित होती है, लेकिन दूसरों को भी प्रभावित करती है। इसके साथ ही परिवर्तन और विकास को भी प्रेरित करती है।

इस लेखक ने हाल ही में अपनी पुस्तक 'रूटलेज इंडिया' के अध्याय 'डीपनिंग डेमोक्रेसी' में विशिष्ट संरचना के निर्माण के माध्यम से विकेंद्रीकृत स्तर पर रोजगार सृजन में इस पर चर्चा की है, जिसमें कहा गया है कि 'उचित संरचनात्मक परिवर्तन लाने के लिए देश के बहुसंख्यक लोगों के जीवन की भौतिक स्थितियों की गहरी समझ के आधार पर रोजगार सृजन का एक वैकल्पिक परिप्रेक्ष्य आवश्यक है।' आर्थिक संदर्भ में समुदाय के भीतर से स्वयं संगठित विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के लिए एक नई सामूहिक उद्यमशीलता संरचना या सामूहिक उद्यम प्रणाली एक आला संरचना की तरह काम करती है। इस तरह की संरचना विनिर्माण, प्रसंस्करण, मरम्मत, निर्माण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा, व्यापार, विपणन, व्यवसाय आदि जैसी सभी प्रकार की गतिविधियों में असंख्य संबद्ध उत्पादकों के स्व-संगठनों को जन्म दे सकती है।

वे सामूहिक उद्यम हैं (व्यक्तिगत स्वामित्व नहीं), लेकिन पारंपरिक अर्थों में महत्वपूर्ण रूप से सहकारी भी नहीं हैं। वे कम पूंजी आधार के साथ काम करते हैं और मुख्यधारा की आर्थिक संरचना के अनुलग्नक के रूप में नहीं, सापेक्ष स्वायत्तता बनाए रखते हैं। यह श्रमिकों की सहकारी समितियों का एक नया आविष्कार है। श्रमिकों का एक स्वतंत्र निर्माण, न कि सरकार या बड़ी पूंजी के संरक्षण में। यह राज्य का समर्थन भी ले सकता है लेकिन पूरी तरह से सचेत रहते हुए कि यह उसके द्वारा शासित नहीं है। यहां, श्रमिक स्वयं मालिक हैं।

महत्वपूर्ण बात यह है कि कोई व्यक्ति भौतिक संसाधनों के उपयोग और रोजगार सृजन को किस तरह से मापता है। उत्पादन प्रक्रियाओं और सेवाओं को हरित प्रौद्योगिकी के साथ विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। ये छोटे पैमाने के उद्यम हैं, लेकिन ऊर्जा-कुशल, गैर-प्रदूषणकारी और समुदाय-उन्मुख हैं। इनमें हरित प्रौद्योगिकियों में निवेश के माध्यम से स्थानीय रोजगार सृजित करने की क्षमता है। कृषि, प्राकृतिक, मानव और पशु संसाधनों से युक्त स्थानीय संसाधन आधार से पारंपरिक रूप से समझी जाने वाली चीजों से कहीं अधिक स्व-प्रबंधित सामूहिक उद्यमशीलता गतिविधियों की विविधताओं को खोलने के लिए व्यापक गुंजाइश प्रदान करने की उम्मीद है।

इस महत्वाकांक्षी योजना को बहु-चरणीय मॉडल के तहत तैयार किया गया है, जिसकी शुरूआत जिला परिषद में जनप्रतिनिधियों, तकनीकी विशेषज्ञों और सरकारी अधिकारियों की समिति से होती है। इसके बाद स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र और संसाधन आधार पर नई उद्यमशीलता गतिविधियों के लिए कई कृषि जलवायु क्षेत्रों को चिन्हित करने का काम आता है। प्राकृतिक, कृषि तथा पारंपरिक कुशल मानव संसाधनों के अलावा प्रशिक्षित कुशल मानव संसाधनों, बेरोजगार शिक्षित युवाओं, पशु संसाधनों और उनके उप-उत्पादों, विनिर्माण, सेवा व प्रसंस्करण और व्यापार की स्थिति, स्वास्थ्य सेवा प्रणाली, प्राथमिक विद्यालय से लेकर कोचिंग सेंटर तक की शैक्षणिक सेवाएं, मरम्मत कार्य, कृषि विपणन की स्थिति, पशुओं एवं उनके उप-उत्पादों के विपणन की स्थिति को शामिल करते हुए संसाधन मानचित्रण का काम करना होगा।

# बिसंडा रोड में घरों में घुस रहा पानी, लोग परेशान, डीएम से की मांग

अखंड भारत संदेश

**पहाड़ी/चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक के बिसंडा रोड मे ग्राम प्रधान समिति अध्यक्ष व सचिव पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं करा पा रहे। मोहल्लेवासियों की दुकान व घरों में सड़कों का गंदा पानी भरने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतें हो रही हैं।

रविवार को बिसंडा रोड के सुनील, कृष्ण कुमार, पप्पू, अजय, नेता पाण्डेय, मनोज कुमार, मुन्ना भारद्वाज, सुरेश पाण्डेय, पवन कुमार, मातादीन साहू, विवेक, नरेन्द्र ने बताया कि कई बार सचिव व प्रधान समिति अध्यक्ष शारदा से शिकायत की गयी। नालियों की सफाई करवा दें, वे सिर्फ देखकर खानापूरी कर चले जाते हैं। नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी घरों में घुस रहा है। नाली भरी होने से पानी सड़क में बह रहा है। शनिवार रात व रविवार को हुई बारिश से बिसंडा रोड में सुशील पटेल से अजय बैटरी तक व सुरेश भारद्वाज से मुन्ना चतुर्वेदी के घर तक नाली निर्माण पहले हुआ था। प्रधान समिति अध्यक्ष शारदा व सचिव श्याम की उदासीनता से नालियों का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। नालियों की सफाई न होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। पहाडी कस्बे में डायरिया फैला हुआ है। अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। गंदगी व जल भराव से संक्रामक रोग फैलने के आसार बढ गये हैं। समय-समय पर नालियों की सफाई कराने की मांग की जाती है। सफाई कर्मी खानापूरी कर चले जाते हैं। बीडीओ पहाडी से शिकायत की गयी, कोई ध्यान नहीं दिया। कहने को तो पहाड़ी ब्लाक में सफाई कर्मियों की लंबी फौज है, धरातल पर देखें तो कस्बे में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहद खराब है। नालियों की सफाई न होने से घरों में पानी घुसने पर लोग टुल्लू चलाकर पानी बाहर निकाल रहे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि बिसंडा रोड स्थित नालियों की जनहित मे सफाई कराई जाये।


सडक पर भरा पानी।

# भाजयुमो ने निकाली तिरंगा यात्रा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाजयुमो के राष्ट्रीय, प्रदेश व क्षेत्रीय नेतृत्व के आवाहन पर स्वतंत्रोत्सव पर जिला मुख्यालय में जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा हीरो मिश्रा की अगुवाई में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली।

रविवार को तिरंगा यात्रा डाक बंगले से शुरू होकर शहर के मुख्य चैराहों से होते हुए मराठा आन-बान-शान व बुन्देलखण्ड संस्थापक महाराज छत्रसाल की आन-बान-शान साक्षी धरोहर हेरिटेज बिल्डिंग पर सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, वन्दे मातरम, वीर शहीदों का बलिदान याद रखेगा हिन्दुस्तान के नारे गुंजायमान होते रहे। डीजे पर राष्ट्रभक्ति गीतों की धुन पर युवा समूह उल्लास व उत्साह में झूमते रहे। तिरंगा यात्रा में जिला महामंत्री भाजपा आलोक पाण्डेय के प्रभार व युवा मोर्चा महामंत्री प्रमेन्द्र सिंह के संयोजन में हुई। तिरंगा यात्रा में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, चन्द्र प्रकाश खरे, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, पूर्व विधायक आनंद शुक्ल, श्रीमती रंजना उपाध्याय, आनंद त्रिपाठी, जगदीश गौतम समेत जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चो पदाधिकारी सहभागी रहे। तिरंगा यात्रा बाद बलिदान शहीदों को याद कर भाजपाइयों ने भावांजलि अर्पित की।


तिरंगा यात्रा निकालते भाजपाई।

# नवजात बच्ची के शव मिलने से फैली सनसनी

अखंड भारत संदेश

**राजापुर/चित्रकूट।** केंद्र व प्रदेश सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान चला रही है। राजापुर पावर हाउस के पास नहर में अज्ञात कलयुगी मां नवजात बच्ची को फेंक कर चली गई। नवजात बच्ची की मृत्यु हो गई। चरवाहों ने नवजात बच्ची का शव देखा तो कस्बा समेत क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

रविवार को सवेरे आठ बजे चरवाहे जानवरों को चराने जा रहे थे। पावर हाउस चिल्लीराकस पम्प कैनाल मुख्य नहर में नवजात बच्ची का शव देखा तो प्रभारी निरीक्षक थाना राजापुर मनोज कुमार सिंह को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक व गनीवा चौकी इंचार्ज यदुवीर सिंह मौके पर पहुंचे। नवजात बच्ची के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने कहा कि घटना स्थल में नवजात बच्ची के पास सीरेंज, नीडल पड़ी मिली है। प्रतीत होता है कि किसी ने इंजेक्शन देकर नवजात की हत्या की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से कारणों का पता चलेगा।

# सांस लेना जिन्दा होने का सबूत नहीं हैः संजय गौतम

## भीम आर्मी एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के जिला स्तरीय एक दिवसीय पदाधिकारी-कार्यकर्ता सम्मेलन में जिला संयोजक संजय गौतम ने कहा कि सिर्फ सिर्फ आंख खोल मूंद लेने से खतरा न जाएगा, आगे जो देखना पड़ेगा वह देखा न जाएगा। इसलिए दिल से साबित करो कि जिंदा है, सांस लेना कोई सबूत नहीं।

ये बात रविवार को सीतापुर स्थित होटल श्रीभवन के बगल में आजाद समाज पार्टी के सम्मेलन में जिला संयोजक संजय गौतम ने कही। उन्होंने सदस्यता अभियान में मौजूद मुख्य अतिथि के बतौर चांद बाघमारे मध्यांचल प्रभारी आजाद समाज पार्टी, विशिष्ट अतिथि बतौर अजय वर्मा आजाद व बुद्धिजीवियों से कहा कि आजाद समाज पार्टी/भीम आर्मी के सभी निष्ठावान पदाधिकारी व बहुजन प्रेमी भाइयों-बहनों-बुजुर्गों को क्रांतिकारी जय भीम, जय भारत, जय संविधान, जय विज्ञान, नमो बुद्धाय कहते हुए वक्त के हालातों के मद्देनजर मन, वचन, कर्म से भीम आर्मी ज्वाइन की है। आर्मी प्रमुख विनय रतन व आजाद समाज पार्टी कांशीराम के चीफ/सांसद चंद्रशेखर आजाद एड के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उन्होंने भीम आर्मी संयोजक चित्रकूट की जिम्मेदारी दी है। निष्ठा से पद का निर्वहन करते हुए गांवों में जाकर आर्मी की नीतियों व कांशीराम की नीतियों व वर्तमान हालातों को बताकर सदस्यता अभियान सुनिश्चित किया है। दूर-दराज से आये लोगों का शुक्रिया अदा करते हुए आवाहन किया कि काशीराम भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी को मजबूत करने की मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इस मिशन को गांव-गांव तक फैलायें। लोकप्रिय सांसद चंद्रशेखर आजाद के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अकेले बहुजनों की निष्पक्ष आवाज बनकर संसद में बोल रहे हैं। विश्वास दिलाया कि आर्मी चीफ विनय रतन, सांसद चंद्रशेखर आजाद, आजाद समाज पार्टी काशीराम को इसी तरह सहयोग मिलता रहा तो अगला सांसद बांदा/चित्रकूट लोकसभा-48 व सभी विधायक बांदा/ चित्रकूट से होंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि चांद बाघमारे, प्रदेश संगठन मंत्री/विशिष्ट अतिथि अजय वर्मा आजाद, डॉ अनिल वर्मा, आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष कुंवर सिद्धार्थ, लोक जनशक्ति पार्टी छोड़कर आये बाबूलाल यादव, राहुल अम्बेडकर, राहुल वर्मा, सनी कुमार वर्मा, सूर्यवंशी, कमल वर्मा, राधेश्याम प्रजापति, श्रीपाल प्रजापति, अर्जुन सविता, कुलदीप समेत सैकड़ों आजाद समाज पार्टी/भीम आर्मी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


मुख्य अतिथि से हाथ मिलाते जिला संयोजक।

# पुणे एक्सप्रेस टेट्ठन यहां से होकर गुजरेः गुप्ता

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन जिला मंत्री/समाजसेवी हरिशंकर गुप्ता ने सांसद बांदा, चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर व राज्यसभा सांसद हमीरपुर, रेलमंत्री, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष, महा प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे को भेजे पत्र में कहा कि लखनऊ से पुणे एक्सप्रेस ट्रेन हमीरपुर, भरुवा सुमेरपुर, रोटी राम बाबा धार्मिक क्षेत्र से बांदा-चित्रकूट होकर सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, पिपरिया, इटारसी, खंडवा, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग से होकर निर्धारित रूट से पुणे जाये। रविवार को उन्होंने कहा कि वर्तमान में इसका निर्धारित रूट लखनऊ, कानपुर, उरई, झांसी, भोपाल होकर इटारसी, मनमाड़, पुणे है। इस ट्रेन से बुंदेलखंड वासियों को पुणे इंडस्ट्रियल एरिया व धार्मिक क्षेत्र शिरडी साईं बाबा, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग जाना आसान होगा। यहां से बच्चे पढ़ाई करने को जाते हैं। लोग रोजगार को भी जाते हैं। नई सौगात मिलने से क्षेत्र का विकास होगा। रेल राजस्व बढ़ेगा। आम जनता व बुंदेलखंड वासियों को लाभ होगा। जिला मंत्री ने बताया कि इस ट्रेन की मांग लगातार कर रहे हैं। धार्मिक क्षेत्र से धार्मिक क्षेत्र जुड़ेंगे। महाकुंभ से पहले मंजूरी से लाभ होगा। जिला मंत्री ने बताया कि खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी को मानिकपुर जंक्शन तक बढ़ाने व जबलपुर से माता वैष्णो देवी वाया चित्रकूट, कानपुर, गाजियाबाद, नई दिल्ली होकर वैष्णो देवी कटरा तक चलाने की मांग चल रही है।


जिला मंत्री हरिशंकर गुप्ता।

# रामभद्राचार्य ने द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल फिल्म का ट्रेलर किया लांच

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** रामभद्राचार्य ने फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के ट्रेलर को लांच किया। निर्माता जीतेंद्र नारायण सिंह (वसीम रिजवी), निर्देशक सनोज मिश्रा व कलाकार अर्शिन मेहता, यजुर मारवाह शामिल हैं। ये चैंकाने वाले सच सामने लाये और बहस को हवा दी।

रविवार को जीतेंद्र नारायण सिंह (वसीम रिजवी) निर्मित, सनोज मिश्रा निर्देशित, अर्शिन मेहता, यजुर मारवाह अभिनीत व रामेंद्र चक्रवर्ती, गौरी शंकर, अवध अश्विनी तथा आशीष कुमार अभिनीत द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर लांच हुआ।

पश्चिम बंगाल की अशांत पृष्ठभूमि पर आधारित ये फिल्म बंगाल की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर है। क्षेत्र की गहरी जड़ें जमाये परम्परायें, रोहिंग्या शरणार्थियों की भयावह दुर्दशा, बांग्लादेश से घुसपैठ का संकट व लव जिहाद की विवादास्पद घटना फिल्म में दर्शायी है। ट्रेलर लांच करने वाले कोई और नहीं, आध्यात्मिक गुरु रामभद्राचार्य थे। उन्होंने परियोजना को आशीर्वाद दिया। कहा कि ये भारत माता के सामने आने वाले खतरों की बेबाक सच्चाई को चित्रित करता है। फिल्म उनके समर्थन से उन लोगों का समर्थन मिलेगा जो फिल्म को भारत की चुनौतियों का प्रतिबिम्ब मानते हैं। फिल्म निर्माता जीतेंद्र नारायण सिंह (वसीम रिजवी) ने कहा कि ये फिल्म सिर्फ सिनेमाई यात्रा नहीं, उन कठोर वास्तविकताओं का आईना है, जिन्हें जान-बूझकर नजर अंदाज किया जा रहा है। उन मुद्दों को उठा रहे हैं, जिनका सामना करने से मुख्यधारा का मीडिया डरती है। निर्देशक सनोज मिश्रा ने कहा कि ये फिल्म पश्चिम बंगाल समृद्ध संस्कृति वाला देश है। ये ऐसा क्षेत्र है, जहां घेराबंदी की गई है। फिल्म असहज सच्चाइयों को सामने लाती है। जिन्हें कई लोग छिपाना पसंद करते हैं। गहन कल्पना व मनोरंजक कथा से भरपूर ट्रेलर ने पहले ही सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है। संवेदनशील विषयों के साहसिक चित्रण को लेकर दर्शक बंटे हुए हैं। एआर दत्ता से रचित संगीत फिल्म के शक्तिशाली संदेश को भयावह पृष्ठभूमि देता है। ये फिल्म 30 अगस्त 2024 को दुनिया भर में रिलीज होने वाली है।


ट्रेलर लांच करते रामभद्राचार्य।


आरोप लगाते ग्रामीण।

# अवर अभियंताओं पर ट्रांसफार्मर बेंचने-स्थानांतरित करने के आरोप

अखंड भारत संदेश

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर तहसील के तिरहार क्षेत्र में भदेहदू पावर हाउस के तमाम लोगों ने अवर अभियन्ता पर ट्रांसफार्मर बेंचने व बिना इस्टीमेट के स्थानांतरित करने का आरोप लगाया है।

रविवार को सूबे के ऊर्जा मंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे विद्युत देने के आदेश दिये हैं। भदेहदू फीडर में अवर अभियंता व संविदा कर्मियों के बीच तालमेल न होने से फाल्ट होने पर तिरहार क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहता हैं। ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता राजू, रामनाथ, रोहित, रामनारायण, विनोद, भोला प्रसाद, कमलेश, अरुण कुमार, अमृतलाल, मनीष द्विवेदी, सूरज, राकेश सिंह, रामबाबू, चुनकू सिंह आदि ने सूबे के मुख्यमंत्री समेत विद्युत विभाग के आलाधिकारियों को भेजे पत्र में बताया कि 2018 में सौभाग्य योजना से ग्रामीणों के विद्युत कनेक्शन हुए थे। मीटर व कनेक्शन विभाग में फीड नही कराये। अवर अभियंता करन सिंह ने चांदी गांव में कैम्प दौरान सौभाग्य योजना से विद्युत कनेक्शन उपभोक्ताओं को भय दिखाकर भारी-भरकम रकम वसूली थी। किसी भी उपभोक्ता को रसीद नहीं दी। दो दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं के मीटर ले गये। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने आरोप लगाया कि अवर अभियंता करण सिंह निजी वसूली में लगे रहते हैं। विद्युत आपूर्ति से कोई लेना-देना नही है। बताया कि खोंपा गांव में दस केवीए ट्रांसफार्मर लगा था, जिसे स्थानांतरित कर खोंपा पुल के पास लगा दिया। जो कटई पुत्र सुभाष के घर के पास लगा होने से निजी लाभ दिया जा रहा है। इसी प्रकार धौरहरा बालू घाट से ट्रांसफार्मर निकलवा कर देवारी पुल के पास लगा दिया है। देवारी के भोला ठाकुर की बेल्डिंग मशीन चलाने को शिफ्ट किया है। कोई सरकारी इस्टीमेट नहीं बनाया। बक्टाखुर्द में ट्रांसफार्मर को सरकारी इस्टीमेट न होने के बाद निजी लोगों को लाभ दिलाने की गरज से लगाया है। देवारी बांगर के पुल से दो सौ मीटर दूरी पर ट्रांसफॉर्मर खम्भा व तार भी ग्रामीणों से मिलीभगत कर बिना इस्टीमेट के लगाया है, जो अवैधानिक है। चांदी गांव में लगा ट्रांसफार्मर बिना किसी उच्चाधिकारी के आदेश से उठवाकर अन्यत्र लगा दिया है या बेंच लिया है। चांदी गांव में अंधकार छाया है। ग्रामीणों ने बताया कि मीटर विभाग के अवर अभियंता अनुपम व भदेहदू क्षेत्र के अवर अभियंता करण सिंह की मिलीभगत से उपभोक्ताओं का शोषण हो रहा है। बताया कि अनुपम कुमार पिछले 12 वर्षो से जिले में मीटर विभाग मे कुंडली मारकर बैठे हैं। उपभोक्ताओं ने जिलाधिकारी व विद्युत विभाग से मांग की है कि अवर अभियंता करण सिंह व मीटर विभाग के अवर अभियंता अनुपम के काले कारनामों की जांच करायें। जब तक भदेहदू फीडर में अवर अभियंता करण सिंह तैनात रहेंगे, तब तक विद्युत आपूर्ति सही नही रहेगी। विद्युत उपखण्ड राजापुर के सहायक अभियंता प्रशांत कुमार त्रिपाठी से पक्ष लेने के प्रयास किये, फोन नहीं उठाया।

# बसपा को झटका, ठा पुष्पेन्द्र सिंह ने की कांग्रेस में वापसी


अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कर्वी-चित्रकूट बसपा के पूर्व प्रत्याशी ठा पुष्पेंद्र सिंह ने समर्थकों समेत कांग्रेस में घर वापसी की है। लखनऊ कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने पुष्पेंद्र सिंह को कांग्रेस की पट्टी पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। समर्थकों को भी कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। सदस्यता लेने वालों में खासतौर से दिनेश सिंह, विनय सिंह चैहान समेत एक दर्जन साथियों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

रविवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पुष्पेंद्र सिंह के कांग्रेस में लौटने से चित्रकूट समेत प्रदेश में कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने सभी का कांग्रेस में स्वागत किया। कहा कि जिले में पुष्पेंद्र भाई के आने से कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। पुष्पेंद्र सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के प्रति आभार जताया। कहा कि वे अपने घर आये हैं। अब हमेशा कांग्रेस को मजबूत करने व आगे ले जाने के कार्य करेंगे। कांग्रेस में ही रहेंगे।

पुष्पेंद्र सिंह के कांग्रेस में पुनः आने पर जिला कांग्रेस कमेटी चित्रकूट के पदाधिकारियो ने बधाई व शुभकामनायें दी। खासतौर से रंजना बरातीलाल पांडे, पीसीसी सदस्य जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, अनिल गुप्ता, राकेश वर्मा, शिव गुलाम वर्मा, चुनवाद प्रसाद प्रजापति, विजयमणि त्रिपाठी, यमुना शुक्ला, गज्जू प्रसाद फौजी, जगजाहिर पटेल, कामता द्विवेदी, शिवशंकर खंगार, कालीचरण राजपूत, राज नारायण निषाद समेत कांग्रेसियों ने पार्टी में आने का स्वागत किया।


कांग्रेस में वापसी करते ठा पुष्पेन्द्र सिंह।


सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव।

# वारंट में जेल गये सपा जिलाध्यक्ष

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** धोखाधड़ी के पुराने मामले में सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव को बांदा जेल भेजा गया।

ज्ञात है कि सात अगस्त को अदालत से वारंट होने पर सपा जिलाध्यक्ष/पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवशंक सिंह यादव को जेल जाना पडा। वे जालसाजी के आरोप में कई वर्षों पहले फंसे थे। अदालत से वारंट होने पर कोर्ट में हाजिर न होने पर न्यायालय ने जेल भेजा है।

# नैतिक जिम्मेदारी है स्वच्छता

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत 124वें स्वच्छता अभियान में ईओ लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में अहम भूमिका निभाती है। गांधी ने स्वच्छता को सेवा का भाव कहा था।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर नगर पालिका राकेश केशरवानी ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रव्यापी सफाई अभियान बतौर शुरुआत की थी। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार किया जा रहा है। कामदगिरि स्वच्छता समिति ने कामतानाथ परिक्रमा में स्वच्छता को लेकर गंभीरता से अभियान चला रहा है। स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार का सराहनीय प्रयास है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता नैतिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता के प्रति जागरूक हों, आसपास गंदगी न फैलायें। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान से खासतौर से लोगों में जागरूकता पैदा करना अभियान का मूल उद्देश्य है। अभियान में राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, रसूल बख्श आदि शामिल रहे।


सफाई करते समिति के लोग।

# खनिज अधिनियम का वारंटी दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में दरोगा दिनेश कुमार पांडेय ने खनिज अधिनियम के वारंटी प्रदीप पुत्र भरत लालापुर बगरेही को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा दिनेश कुमार पांडेय, दरोगा यूटी नीतिश यादव व सिपाही राममूरत मिश्रा शामिल रहे।

# भारत में मौजूद था 9 साल से शेख हसीना का सबसे बड़ा 'दुश्मन', सरकार बदलते ही हुई बांग्लादेश वापसी

**ढाकाः बांग्लादेश** में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद उनके विरोधी जश्न मना रहे हैं। उनकी खुशी इस बात से भी है कि देश की कमान अमेरिका मैन कहे जाने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के हाथों में है। ऐसे में शेख हसीना के कार्यकाल में देश छोड़कर भागे मुख्य विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता अब बांग्लादेश वापस लौट रहे हैं। इस कड़ी में ताजा नाम बीएनपी के स्थायी समिति के सदस्य सलाहुद्दीन अहमद का जुड़ा है। वह भारत में नौ साल से ज्यादा समय बिताने के बाद रविवार दोपहर को बांग्लादेश वापस लौट गए हैं।



**ढाका एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत**

द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, बीएनपी के मीडिया सेल के सदस्य शैरूल कबीर खान ने बताया, "सलाहुद्दीन अहमद आज सुबह 11:00 बजे दिल्ली से उड़ान भरकर ढाका के हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दोपहर 2:15 बजे पहुंचे।" बीएनपी सूत्रों के अनुसार, सलाहुद्दीन इमिग्रेशन प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोपहर 3:00 बजे वीआईपी गेट से हवाई अड्डे से बाहर निकले, जहाँ पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

**शिलांग में पकड़े गए थे सलाहुद्दीन**

2015 में, 62 दिनों तक लापता रहने के बाद, पूर्व राज्य मंत्री सलाहुद्दीन 11 मई को पूर्वोत्तर भारतीय राज्य मेघालय की राजधानी शिलांग में पाए गए। उन्हें वैध दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश करने के लिए गिरफ़्तार किया गया और विदेशी अधिनियम के तहत उन पर आरोप लगाए गए। बाद में, शिलांग पुलिस ने मामले में उनके खिलाफ आरोप लगाए।

**बीएनपी ने लगाया था अगवा करने का आरोप**

बीएनपी ने आरोप लगाया था कि सलाहुद्दीन को 10 मार्च, 2015 को उत्तरा, ढाका स्थित उसके घर से जासूस बनकर आए लोगों ने अगवा कर लिया था। 26 अक्टूबर, 2018 को शिलांग की एक अदालत ने उसे अवैध प्रवेश से संबंधित आरोपों से बरी कर दिया। इस फैसले को 28 फरवरी, 2023 को एक उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा, जिसने भारत सरकार को उसके बांग्लादेश लौटने की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया।

**कौन हैं सलाहुद्दीन अहमद**

सलाहुद्दीन अहमद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के राजनेता हैं, जिन्होंने 1996-2006 के दौरान संचार राज्य मंत्री के रूप में काम किया था। वह कॉक्स बाजार-1 निर्वाचन क्षेत्र से संसद सदस्य के रूप में चुने गए थे। वे खालिदा जिया की बीएनपी पार्टी के प्रवक्ता थे। अहमद ने 1991 में बीएनपी के सत्ता में आने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री खालिदा जिया के सहायक निजी सचिव के रूप में कार्य किया। बाद में उन्हें 2001-2006 के दौरान दूसरे खालिदा मंत्रिमंडल में संचार राज्य मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया।

**1 करोड़ की घुसखोरी में हुई थी जेल**

जनवरी 2008 में, सलाहुद्दीन अहमद को कंस्ट्रक्शन फर्म मीर अख्तर हुसैन लिमिटेड के मालिक मीर जहीर हुसैन से 1 करोड़ टका रिश्वत लेने के लिए 7 साल की कैद की सजा सुनाई गई थी। आरोप के अनुसार, रिश्वत फरवरी 2005 में ली गई थी। अहमद ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के संयुक्त महासचिव के रूप में कार्य किया। जनवरी 2015 में, उन्हें खालिदा जिया द्वारा बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का प्रवक्ता नियुक्त किया गया था।

# सेना रूस के कुर्स्क क्षेत्र में घुसकर हमला कर रही है, यूक्रेनी सेना की घुसपैठ ने रूस को चौंका दिया

**कीवः रूस** द्वारा यूक्रेन के कीव में रविवार रात भर किए गए ड्रोन और मिसाइल हमले में चार वर्षीय लड़के सहित दो लोगों की मौत हो गयी। यूक्रेन ने इसकी जानकारी दी। यूक्रेन की राज्य आपातकालीन सेवा के अनुसार, रूस ने कीव के ब्रोवेरी जिले के एक आवासीय क्षेत्र में कई मिसाइलें दागीं, जिससे वहां इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं और इसके मलबे से 35 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके बेटे का शव बरामद किया गया। रूस के हमले में जिले के अन्य तीन लोग घायल हो गये हैं। ये हमले ऐसे समय में किए हैं, जब यूक्रेन की सेना ने अप्रत्याशित रूप से रूसी क्षेत्र में घुसकर कार्रवाई कर रही है।

**अगस्त में कीव पर दूसरा हमला**

कीव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा कि रूस ने इस महीने में दूसरी बार यूक्रेन की राजधानी को निशाना बनाया है। पोपको ने कहा कि रूस की ओर से दागी गईं बैलिस्टिक मिसाइलें राजधानी तक नहीं पहुंच सकीं, लेकिन इससे उपनगर प्रभावित हुए, जबकि राजधानी की ओर लक्ष्य साध रहे ड्रोनों को मार गिराया गया। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन की ओर से कुर्स्क, वोरोनिश, बेलगोरोद, ब्रायंस्क और ओर्योल क्षेत्रों में भेजे गए 35 ड्रोनों को ध्वस्त कर दिया गया है। कुर्स्क के कार्यवाहक गवर्नर एलेक्सी स्मिरनोव ने टेलीग्राम पर बताया कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली द्वारा ध्वस्त की गई यूक्रेनी मिसाइल के कुर्स्क में एक आवासीय इमारत पर गिरने से 13 लोग घायल हो गए। यूक्रेन ने रूस के क्षेत्रों में किए हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

**रूस में घुसी यूक्रेन की सेना**

इस बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने स्वीकार किया है कि उनकी सेना रूस के कुर्स्क क्षेत्र के अंदर घुसकर हमला कर रही है। जेलेंस्की ने शनिवार को अपने रात्रिकालीन टेलीविजन संबोधन में कहा कि यूक्रेनी सेना आक्रमणकारियों के क्षेत्र में युद्ध को आगे बढ़ा रही है। दरअसल, जेलेंस्की का यह बयान रूस के कुर्स्क ओब्लास्ट में यूक्रेन की सीमा पार घुसपैठ की पहली सार्वजनिक स्वीकृति को दशार्ता है, जो कथित रूप से 6 अगस्त से शुरू हुई थी। यूक्रेनी सेना की घुसपैठ ने रूस को चौंका दिया है।

**रूस के अंदर घुसी यूक्रेन की सेना, पुतिन के लिए अपना इलाका वापस लेना हुआ मुश्किल**

जेलेंस्की ने यूक्रेन के रक्षा बलों को धन्यवाद दिया और कहा कि उन्होंने रूस में ऑपरेशन पर देश के वरिष्ठ सैन्य कमांडर ओलेक्सांद्र सिर्स्की के साथ चर्चा की थी।

## इजरायल के साथ खुलकर आया ये मुस्लिम देश

**तेल अवीवः तेहरान** में हमास चीफ इस्माइल हानिया की मौत के बाद इजरायल पर ईरान के हमले का डर बना हुआ है। ईरान चेतावनी दे चुका है कि वह हमला करेगा। वहीं इजरायल ने कहा है कि वह भी जवाबी कार्रवाई करेगा। इस बीच इजरायल के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। उसका एक पड़ोसी मुस्लिम देश ईरान पर पलटवार करने के लिए अपना एयरस्पेस देगा। यह देश जॉर्डन है। जॉर्डन सरकार के आधिकारी रुख के बावजूद यह इजाजत दी जा सकती है।

## शेख हसीना का अमेरिका पर हमला क्या दिखाता है? भारत में रहना ऐसे हुआ फायदेमंद



**ढाकाः बांग्लादेश** की पूर्व पीएम शेख हसीना इस्तीफा देकर भारत आ गई हैं। वर्तमान में वह भारत में ही हैं। इस बीच उन्होंने आरोप लगाया है कि अमेरिका को सेंट मार्टिन द्वीप न सौंपने के कारण उन्हें सत्ता से बेदखल किया गया। यह द्वीप अमेरिका को बंगाल की खाड़ी में अपना प्रभुत्व कायम करने में सक्षम बनाता है। शेख हसीना ने बांग्लादेशी लोगों को कट्टरपंथियों के बहकावे में न आने को कहा। उनके एक करीबी ने यह संदेश दिया था। वहीं उन्होंने कहा है कि जल्द वह देश लौटेंगी। इसे एक्सपट्र्स शेख हसीना की रणनीति में बड़ा बदलाव मान रहे हैं। इसके अलावा उनका बढ़ा हुआ कॉन्फिडेंस भी देखा जा सकता है।

एक्सपट् का कहना है कि शेख हसीना का बयान भारतीय मीडिया में आना बिना भारत की इजाजत के नहीं होगा। पड़ोसी देश में हुए इस बदलाव से भारत पर सीधा असर पड़ेगा। शेख हसीना को खुली छूट दी गई है कि वह अमेरिका पर सीधा निशाना साध सकें। इसके अलावा शेख हसीना के बयान से उनकी स्ट्रैटेजी में बड़ा बदलाव भी देखा जा रहा है। शेख हसीना के बेटे पहले कहते रहे हैं कि उनकी मां वापस बांग्लादेश नहीं जाएंगी। लेकिन अपने बयान में हसीना ने कहा है कि वह वापस जाएंगी। यह दिखाता है बांग्लादेश की पॉलिटिक्स में वह फिर एक्टिव होंगी।

**शेख हसीना ने क्या कहा?**

शेख हसीना ने बयान में जोर देकर कहा, 'अगर मैं देश में रहती तो और भी ज्यादा लोगों की मौत होती। बबार्दी होती। इसलिए मैंने बाहर निकलने का कठिन फैसला लिया है। मैं आपकी नेता बनी, अपने मुझे चुना, आप मेरी ताकत थे।' उन्होंने कहा, 'यह खबर पाकर मेरा दिल रो रहा है।

# तारीफों के पुल बांध रहे 'चीन समर्थक' मोहम्मद मुइज्जू, मालदीव के साथ सुधरने लगे संबंध

मालेः मालदीव और भारत के बीच पिछले कुछ समय से तनाव देखा गया है। लेकिन संबंधों में एक बार फिर सुधार देखा जा रहा है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। मालदीव के राष्ट्रपति ने कहा कि भारत हमेशा एक करीबी सहयोगी और बहुमूल्य साझेदार रहा है। तथा उनके देश को जब भी जरूरत पड़ी है तो भारत की ओर से सहायदा प्रदान की गई। भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की मालदीय यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुइज्जू के साथ मुलाकात हुई।

मुलाकात की तस्वीर शेयर करते हुए राष्ट्रपति ने लिखा, 'डॉ. जयशंकर से मिलकर खुशी हुई। आज मालदीव के 28 द्वीपों पर पानी और सीवरेज परियोजनाओं के आधिकारिक हस्तांतरण में उनके साथ शामिल होउंगा। मैं हमेशा मालदीव का समर्थन करने के लिए भारत सरकार और खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद देता हूं। सुरक्षा, विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में सहयोग के माध्यम से हमारे देशों को करीब लाते हुए हमारी स्थायी साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। साथ मिलकर, हम इस क्षेत्र के लिए एक उज्जवल, अधिक समृद्ध भविष्य का निर्माण करते हैं।'

**क्या बोले मोहम्मद मुइज्जू**

इससे पहले, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मुइज्जू से मुलाकात कर दोनों देशों की जनता और क्षेत्र के लाभ के लिए भारत-मालदीव संबंधों को मजबूत बनाने की नयी दिल्ली की प्रतिबद्धता दोहराई। मालदीव में



28 द्वीप क्षेत्रों में जलापूर्ति व सीवर सुविधाएं शुरू किए जाने से जुड़े कार्यक्रम को मुइज्जू ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ होंगे, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और कुल मिलाकर देश की समृद्धि में योगदान होगा। उन्होंने कहा कि भारत के साथ मालदीव के द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से ये परियोजनाएं महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं। समारोह के दौरान राष्ट्रपति मुइज्जू ने एक बार फिर मालदीव और भारत के बीच ऐतिहासिक एवं निकट संबंधों को मजबूत बनाने की अपने प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई। भारत सरकार ने भारतीय एक्जिम बैंक के माध्यम से ऋण सुविधा के तहत इन परियोजनाओं का वित्तपोषण किया है।

**मुइज्जू के आने के बाद पहली यात्रा**

मुइज्जू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मालदीव को ह्यउदारतापूर्वक व निरंतर सहायताह्न प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारत सरकार और भारत के 'मित्रवत लोगों' का आभार व्यक्त किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यहां मुइज्जू से मुलाकात कर दोनों देशों की जनता और क्षेत्र के लाभ के लिए भारत-मालदीव संबंधों को मजबूत बनाने की नयी दिल्ली की प्रतिबद्धता दोहराई। जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को फिर से प्रगाढ़ बनाने के लिए मालदीव की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं।

# चीनी विदेश मंत्रालय ने 'ओलंपिक की आड़ में ताइवान मुद्दा उछालने' पर जताई आपत्ति

**बीजिंग। चीनी** विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने शुक्रवार को एक रिपोर्टर के सवाल का जवाब देते हुए उम्मीद जताई कि सभी पक्ष "ओलंपिक चार्टर" के प्रावधानों का पालन करेंगे और खेल की शुद्धता का सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा कि चीन ताइवान मुद्दे को उठाकर ओलंपिक आयोजन में



हस्तक्षेप करने वाले व्यक्तियों का दृढ़ता से विरोध करता है।

माओ निंग ने कहा कि दुनिया में चीन एक ही है और ताइवान चीन के क्षेत्र का एक अभिन्न अंग है। ओलंपिक खेलों में "चीनी ताइपे" की भागीदारी के सम्बंध में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने एक-चीन सिद्धांत पर आधारित स्पष्ट नियम बनाए हैं, जिनका आमतौर पर अंतर्राष्ट्रीय खेल समुदाय द्वारा पालन किया जाता है। ओलंपिक चार्टर में ओलंपिक स्थलों पर राजनीतिक प्रचार और अभिव्यक्ति पर भी स्पष्ट और सुसंगत प्रावधान हैं।

माओ निंग ने इस बात पर जोर दिया कि ओलंपिक खेलों का मिशन अंतर्राष्ट्रीय शांति और एकता को बढ़ावा देना है और ओलंपिक खेलों का फोकस एथलीटों के प्रदर्शन पर होना चाहिए।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000


Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# बाजार की शक्ति ने चीन के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी - एरिक मस्किन

**बीजिंग। गत** जुलाई में वर्ष 2024 अंतर्राष्ट्रीय बुनियादी विज्ञान महासभा चीन के छिंगहाई विश्वविद्यालय में आयोजित हुई। देश-विदेश के 800 से अधिक अध्ययनकर्ता इसमें उपस्थित हुए, जिनमें नोबेल अर्थशास्त्र पुरस्कार विजेता एरिक मस्किन शामिल हैं।

इस दौरान उन्होंने चाइना मीडिया ग्रुप (सीएमजी) के साथ एक विशेष बातचीत की। उन्होंने कहा कि चीन के वैदेशिक खुलेपन और विश्व अर्थव्यवस्था तथा अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान जगत का एक सदस्य होने से चीन के परिवर्तन को बढ़ावा मिला है। चीन 40 साल के पहले एक गरीब देश से वर्तमान में एक समृद्ध और तेजी से विकसित हो रहा आर्थिक समुदाय बन गया।



उन्होंने कहा कि चालीस वर्षों में चीन ने हैरानी वाली प्रगति प्राप्त की। चीन की सफलता के कई कारण हैं। सबसे पहले, चीन बाजार अर्थव्यस्था लागू करता है। बाजार की शक्ति ने चीन के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। बाजार अर्थव्यवस्था के अलावा वैदेशिक खुलापन चीन द्वारा सही दिशा में उठाया गया अहम कदम है। खुलापन और अंतर्राष्ट्रीय बाजार का अच्छा प्रयोग चीन का बहुत महत्वपूर्ण अनुभव है। इसके अलावा चीन सरकार का संगठनात्मक ढांचा विशेषकर सफल रहा। चीन के विभिन्न प्रांतों की विभिन्न आर्थिक विशेषताएं होती हैं और पारस्परिक स्पर्द्धा से आर्थिक कुशलता उन्नत की गयी है।

उन्होंने कहा कि चीन के लिए पूंजी और संसाधन नयी तकनीकों में लगाना बड़ा महत्व रखता है।

उदाहरण के लिए चीन इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादन में नायक बन गया है। यह जायज है। इस क्षेत्र में चीन का पूंजी लगाना विवेकपूर्ण है, क्योंकि दुनिया को इलेक्ट्रिक वाहनों की जरूरत है।

# 'पीएम' बनने के बाद बांग्लादेश किस ओर बढ़ रहा, जमात का शासन या सेना के हाथ होगी कमान

**ढाकाः शेख** हसीना के इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद बांग्लादेश में नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में कार्यवाहक सरकार का गठन हो गया है। उन्हें अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार बनाया गया है, जो प्रधानमंत्री के समकक्ष पद है। हालांकि, इसके बाद भी देश में स्थिरता आती नहीं दिखाई दे रही है। शनिवार को सरकार गठन के तीसरे दिन छात्रों ने एक बार फिर सड़क पर उतरे। सुप्रीम कोर्ट को घेर लिया गया और चीफ जस्टिस समेत सभी जजों के इस्तीफे का अल्टीमेटम दे दिया गया। छात्रों के दबाव में चीफ जस्टिस और कई जजों ने इस्तीफे दिए। देश में एक के बाद संस्थानों से इस्तीफा का दौर जारी है। वहीं, दूसरी तरफ देश में अलग-अलग हिस्सों से हिंसा की खबरें आ रही हैं। अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। ऐसे हालात में आइए देखते हैं, बांग्लादेश किस दिशा में जा रहा है।

**बांग्लादेश में तीन प्रमुख खिलाड़ी**

दक्षिण एशिया की राजनीति पर नजर रखने वाले पत्रकार सैटनली जॉनी ने एक्स पर बताया है कि इस समय बांग्लादेश में तीन प्रमुख खिलाड़ी हैं। पहले प्रदर्शनकारी, जिनका प्रतिनिधित्व मोहम्मद यूनुस कर रहे हैं। दूसरा बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी का गठबंधन, जो हसीना के पतन से सशक्त हुआ है।

# चीन के वाणिज्यिक बैंकों का गैर-निष्पादित ऋण अनुपात गिरकर 1.56 प्रतिशत हुआ

**बीजिंग। चीनी** राजकीय वित्तीय निगरानी और प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा 9 अगस्त को जारी आंकड़ों के मुताबिक, इस वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत में, चीन के वाणिज्यिक बैंकों के गैर-निष्पादित ऋणों की शेष राशि 33 खरब युआन थी, जो पिछली तिमाही के अंत की तुलना में 27.2 अरब युआन की कमी थी।

वाणिज्यिक बैंकों की गैर-निष्पादित ऋण दर 1.56 प्रतिशत थी, जो पिछली तिमाही के अंत से 0.03 प्रतिशत अंक कम थी।



वास्तविक अर्थव्यवस्था की सेवा के संदर्भ में, दूसरी तिमाही के अंत में, बैंकिंग संस्थानों द्वारा छोटे और लघु उद्यमों को प्रदान किए गए ऋणों की शेष राशि 780 खरब युआन थी।